Established 1865

पायनियर

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-13 | अंक-356 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)

बिहार में पहले चरण के चुनाव में 2020 से अधिक मतदान

121 सीटों पर हुई 64.46 फीसदी वोटिंग, जनता का फैसला ईवीएम में कैद

एजेंसी। पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। हालांकि, अभी भी जिन बूथों पर लोग मौजूद होंगे, उन्हें वोट करने दिया जाएगा। इससे पहले दिन भर राज्य के लोगों में मतदान को लेकर दिन भर खासा उत्साह देखने को मिला। मिली जानकारी के अनुसार 64.46 फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। इस बार पिछली बार से लगभग सात फीसदी ज्यादा वोट पड़े।

> पहले चरण में कुल 1314 उम्मीदवारों ने आजमाई किस्मत

अभी भी कई मतदान केंद्रों पर लोगों की लंबी लाइन लगी हुई है। हालांकि 56 बूथों पर सुरक्षा की दृष्टि से शाम पांच बजे ही मतदान समाप्त कर दिया गया था। बिहार चुनाव के इस पहले चरण के संपन्न होने के साथ ही तेजस्वी यादव उनके भाई तेज प्रताप यादव और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत बिहार के 16 मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में लॉक हो गई है। इससे पहले, सीएम नीतीश कुमार से लेकर विपक्षी नेता तेजस्वी यादव तक, बिहार की बड़ी हस्तियों ने पटना में अपना मतदान किया। 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। कुल 1314 उम्मीदवारों का भाग्य तय होगा। बीजेपी-जेडीयू और महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर है, जबकि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी तीसरा विकल्प बनकर उभरी है। इस चरण में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव और भाजपा के उम्मीदवार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ-साथ 16 मंत्रियों की किस्मत भी दांव पर है।

नीतीश-तेजस्वी समेत दिग्गजों ने डाले वोट

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह व राजीव रंजन सिंह ललन' सहित कई प्रमुख नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, सुबह एक बजे तक 3.75 करोड़ मतदाताओं में से 42.31 प्रतिशत ने मतदान किया था। गोपालगंज जिले में सर्वाधिक 46.73 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ, जबकि लखीसराय में 46.37 और बेगूसराय में 46.02 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने गृह नगर बख्तियारपुर में मतदान किया।

सट्टेबाजी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

रैना और धवन की 11.4 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट के संचालन से जुड़े धनशोधन मामले में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं। सूत्रों ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट '1एक्सबेट' के खिलाफ मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत धवन की 4.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और रैना के 6.64 करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है।

संघीय एजेंसी की जांच में पाया गया है कि दोनों पूर्व क्रिकेटर ने 'स्थिति को जानते हुए एक्सबेट' और उसके सहयोगियों के प्रचार के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ समझौते किए। ईडी ने जांच के तहत इन दोनों क्रिकेटर के अलावा युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा जैसे अन्य पूर्व क्रिकेटरों, अभिनेता सोनू सूद, उर्वशी रौतेला, मिमी चक्रवर्ती (तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद) और अंकुश हाजरा से भी पूछताछ की है। कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ में पंजीकृत '1एक्सबेट' को पोर्टल द्वारा सट्टेबाजी उद्योग में 18 वर्षों के अनुभव के साथ विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सट्टेबाज बताया गया है।

> जानबूझकर प्रचार के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ समझौते किए

> ईडी ने युवराज और उथप्पा जैसे क्रिकेटरों से भी पूछताछ की

अनिल अंबानी को ईडी का समन

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में अगले सप्ताह फिर पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के अनुसार 66 वर्षीय उद्योगपति को 14 नवंबर को पेश होकर बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। मामला रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड (आरकॉम) द्वारा एसबीआई से 2,929 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी ने अगस्त में अंबानी से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। यह जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की 21 अगस्त को दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। सीबीआई ने इस मामले में मुंबई स्थित अंबानी के परिसरों पर छापे भी मारे थे। प्राथमिकी में आरकॉम, उसके निदेशक अनिल डी. अंबानी, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। एसबीआई की शिकायत के अनुसार, कंपनी पर विभिन्न बैंकों का 40,000 करोड़ रुपये से अधिक बकाया था, जिसमें अकेले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई को 2,929.05 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

> 14 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

सार संक्षेप

केरेन्डिया को हृदयाघात के इलाज के लिए मंजूरी

नई दिल्ली। दवा कंपनी बायर को हृदयाघात के इलाज के लिए अपनी नयी दवा केरेन्डिया के लिए भारतीय नियामक प्राधिकरणों से मंजूरी मिल गई है। यह उत्पाद (फाइनरेनोन) पहले से ही टाइप 2 मधुमेह (टी2डी) से जुड़े पुराने किडनी रोग (सीकेडी) के लिए अनुमोदित है। बायर के फार्मास्युटिकल इकाई की भारत में प्रबंध निदेशक श्वेता राय ने एक बयान में कहा, फाइनरेनोन के उपयोग क्षेत्र के विस्तार के साथ हम हृदयाघात के उन प्रकारों पर ध्यान दे रहे हैं, जिनकी संख्या सभी हृदय विफलता मामलों का लगभग आधा है, लेकिन जिनके लिए अब तक सीमित प्रमाणित उपाय मौजूद थे।

पूर्व विधायक अब्दुल्ला की याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ चल रहे उस मामले को रद्द करने की मांग की थी, जो पासपोर्ट बनवाने के लिए कथित रूप से नकली दस्तावेज़ों के इस्तेमाल से जुड़ा है। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 23 जुलाई के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। खान सपा नेता आजम खान के बेटे हैं। उच्च न्यायालय ने रामपुर में दर्ज मामले की कार्यवाही रद्द करने का अनुरोध करने वाली खान की अर्जी खारिज कर दी थी और निचली अदालत को कानून के अनुसार मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। उत्तर प्रदेश का पक्ष रखने के लिए पीठ के समक्ष पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने सूचित किया कि मामले की पड़ताल पूरी हो चुकी है और अब दलीलें सुनने की तारीख तय की गई हैं।

इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

रायपुर। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) जिले में 17 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली ने बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के माड़ डिवीजन, बस्तर एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ जोन) से संबंधित नक्सली कमला सोड़ी उर्फ उंगी उर्फ तरूणा (30) ने केसीजी जिले के पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि सोड़ी ने छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया।

पहले चरण के मतदान के बीच पीएम का महागठबंधन पर हमला

कट्टा-करप्शन जंगलराज की पहचान

एजेंसी। भागलपुर/अररिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार की जनता, विशेषकर माताएं और बेटियां, बड़ी संख्या में मतदान कर रही हैं ताकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जंगलराज को वापस आने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि फिर एक बार बिहार में सुशासन की सरकार बननी चाहिए। बिहार के भागलपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन दलों ने बिहार के गरीबों और महिलाओं के हितों के बारे में कभी नहीं सोचा।

> फिर एक बार बिहार में बनेगी सुशासन की सरकार

> जंगलराज लाने वालों को जनता देगी जवाब: मोदी

उन्होंने कहा, राजद और कांग्रेस ने कभी महिलाओं के खाते खोलने के बारे में नहीं सोचा। आज वे पोस्टरों में साथ तो दिखते हैं, लेकिन एक-दूसरे का चेहरा देखने को भी तैयार नहीं हैं। राजद के पोस्टरों में कांग्रेस के नामदार का चेहरा तक गायब है। राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, राजद ने कांग्रेस से मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी बंदूक की नोक पर छीन ली, और कांग्रेस को यह पसंद नहीं आया। दोनों दल सत्ता की लड़ाई में एक-दूसरे को खत्म करने पर उतारू हैं।

केवल एनडीए ही कर सकता है विकास

प्रधानमंत्री ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचा विकसित किया जा रहा है और केवल राजग ही बिहार में विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार गरीबों को पक्के मकान दे रही है, मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है और मुद्रा लोन दे रही है। घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होंने कहा, यह राजग सरकार की चुनौती है कि घुसपैठियों का पता लगाया जाए और उन्हें देश से बाहर किया जाए। लेकिन कांग्रेस और राजद इन्हें संरक्षण दे रहे हैं। मोदी ने कहा, कांग्रेस और राजद इन्हें देश की नागरिकता देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना ही कहा कि कांग्रेस के नामदार नेता ने छठी मइया का अपमान किया, उसे ड्रामा और नौटंकी कहा। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना ही उन्होंने कहा, राजद के नामदार इस पर चुप हैं। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया, महाकुंभ की आलोचना की।

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के काफिले पर हमला

एजेंसी। लखीसराय

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मतदान के दिन उनके वाहनों के काफिले पर मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के समर्थकों ने हमला किया। उन्होंने कहा कि ये लोग इलाके में मतदाताओं को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे थे। लगातार चौथी बार चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सिन्हा ने स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर असंतोष जताया और कहा कि वह इस मामले को निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाएंगे।

इस बीच, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने घटना पर संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक अधिकारी ने कहा, किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

> राजद समर्थकों पर आरोप, डीजीपी को कार्रवाई का निर्देश

बिहार में राहुल गांधी पर बरसे अमित शाह

> सेना के जवानों की जाति-धर्म पूछने पर शर्म आनी चाहिए

> अवैध घुसपैठिए नौकरियां छीन रहे और सुरक्षा के लिए खतरा

एजेंसी। बेतिया/मोतिहारी/मधुबनी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सेना के जवानों की जाति और धर्म जानने की बात कहने पर शर्म आनी चाहिए। बिहार के मधुबनी, पश्चिम चंपारण और मोतिहारी जिलों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए देश की नौकरियां छीन रहे हैं और सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। उनका कहना था कि बिहार विधानसभा चुनाव राज्य को घुसपैठियों से मुक्त करने का चुनाव है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने शाह ने कहा, राहुल गांधी को सेना के जवानों की जाति और धर्म जानने की बात करने पर शर्म आनी चाहिए।

चंपारण में बनेगा नया हवाईअड्डा

बिहार ने इंदिरा गांधी के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, आपातकाल का विरोध किया था, लेकिन अब कांग्रेस राजद की मदद से राज्य में शासन करने की कोशिश कर रही है। गृह मंत्री ने कहा कि राजग के दोबारा सत्ता में आने पर चंपारण में नया हवाईअड्डा बनाया जाएगा, क्षेत्र की बंद चीनी मिलों को सहकारी समितियों के माध्यम से पुनर्जीवित किया जाएगा।

लघु उद्योग भारती को संघ से मिली प्रेरणा

एजेंसी। बेंगलुरु

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि लघु उद्योग भारती (एलयूबी) को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से प्रेरणा मिली है। सिंह ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र (बीआईईसी) में इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो (आईएमएस 2025) के सातवें संस्करण के उद्घाटन सत्र के दौरान अपने ऑनलाइन संबोधन में सिंह ने कहा, मुझे खुशी है कि लघु उद्योग भारती अब लघु नहीं है।

> रक्षामंत्री ने आईएमएस के सातवें संस्करण का किया उद्घाटन

उन्होंने कहा कि एलयूबी लगातार बढ़ रहा है और विस्तार कर रहा है तथा पूरे देश में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुका है। रक्षा मंत्री ने संगठन की सराहना करते हुए कहा कि अपनी स्थापना के समय से ही यह लघु उद्योगों की आवाज बन गया है।

विकसित देश बनाने का किया आह्वान

सिंह ने एलयूबी और सभी छोटे उद्यमों से भारत को एक विकसित देश बनाने का आह्वान किया। मुझे विश्वास है कि लघु उद्योग भारती और सभी एमएसएमई भारत सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि यदि आप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक कदम उठाएंगे, तो सरकार 10 कदम चलने के लिए तैयार है।

आठ नवंबर को वाराणसी के दौरे पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

देश को चार 'वंदे भारत' ट्रेन की देंगे सौगात

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ नवंबर को वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पीएमओ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि यह विश्वस्तरीय रेलवे सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को आसान, तेज एवं अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में एक और मील का पत्थर है।

> पर्यटन के साथ देश भर में आर्थिक गतिविधियों को देंगी बढ़ावा

इस बयान के अनुसार भारत के आधुनिक रेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, प्रधानमंत्री मोदी आठ नवंबर को सुबह लगभग सवा आठ बजे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। बयान के मुताबिक, नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। बयान के अनुसार, बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस इस मार्ग पर सीधा संपर्क स्थापित करेगी और वर्तमान में संचालित विशेष ट्रेन की तुलना में लगभग दो घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत परियोजना वाराणसी, प्रयागराज और चित्रकूट समेत भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस से लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को बहुत लाभ होगा। साथ ही रुड़की होते हुए हरिद्वार तक उनकी पहुंच भी बेहतर होगी। बयान में कहा गया है कि फिरोज़पुर-दिल्ली वंदे भारत इस रूट पर सबसे तेज़ चलने वाली ट्रेन होगी। यह एक्सप्रेस ट्रेन राष्ट्रीय राजधानी और बठिंडा एवं पटियाला सहित पंजाब के प्रमुख शहरों के बीच संपर्क को मजबूत करेगी। दक्षिण भारत में, एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत से इस मार्ग पर ट्रेन यात्रा के समय में दो घंटे से अधिक कमी आयेगी।

सीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु और व्यवस्थित रहें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्टेशन पर साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। पीएम मोदी सात नवंबर को वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे।

आने वाले वर्षों में फरीदाबाद की पहचान राष्ट्रीय मानचित्र पर होगी और भी मजबूतः गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज न्यू जनता कॉलोनी में 44.80 लाख रुपए की लागत से सीवर लाइन, पानी की लाइन और आरएमसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की शुरूआत न्यू जनता कॉलोनी के बुजुर्गों द्वारा नारियल फोड़कर परंपरागत तरीके से की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य जनता को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। न्यू जनता कॉलोनी में प्रारंभ किया गया यह कार्य इसी प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से फरीदाबाद को एक और बड़ी सौगात दी गई है – दिल्ली एयरपोर्ट को गुड़गांव, फरीदाबाद और जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने वाली नई रेपिड मेट्रो परियोजना। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है और वर्ष 2026 में इसका कार्य आरंभ किया जाएगा। गुर्जर ने बताया कि यह मेट्रो लाइन फरीदाबाद से नोएडा होते हुए सीधे जेवर एयरपोर्ट तक जाएगी, जबकि दूसरी दिशा में गुड़गांव से दिल्ली एयरपोर्ट को जोड़ेगी। इस परियोजना से फरीदाबाद राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क का एक प्रमुख केंद्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो विस्तार परियोजना भी तेजी से आगे बढ़ रही है, जिससे दक्षिण हरियाणा का विकास और गति पकड़ेगा। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की अभूतपूर्व गति प्राप्त की है। विपक्ष की सरकारों के 10 वर्षों में जहां मात्र 10 किलोमीटर मेट्रो का विस्तार हुआ, वहीं भाजपा सरकार में सैकड़ों किलोमीटर नेटवर्क का निर्माण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब पासपोर्ट बनवाने के लिए दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं है -फरीदाबाद में ही पासपोर्ट ऑफिस स्थापित किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। नहर पार क्षेत्र में नए केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दी गई है, वहीं ग्रेटर फरीदाबाद में 400 करोड़ रुपए की लागत से विज्ञान भवन से भी बेहतर कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बिजली विभाग के तहत 2800 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिलाई गई है, जिसके अंतर्गत आने वाले दो वर्षों में पूरे शहर की बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाएगा। इससे बरसात और आंधी-तूफान के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी और सड़कों से पोल भी हट जाएंगे। देश की प्रगति पर बोलते हुए गुर्जर ने कहा कि भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में फरीदाबाद राष्ट्रीय मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। पूर्व मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद फरीदाबाद में विकास कार्यों की रफ्तार अभूतपूर्व रही है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

खोया और पाया

मैं, श्रीमती प्रिया सिंह पत्नी रितेश कुमार, मेरे फ्लैट संख्या 105, प्रथम तल, प्लॉट संख्या 6, खसरा संख्या 119, ए.पी.एस हनुमंत रेजीडेंसी, ग्राम-खोड़ा, लोनी, जिला गाजियाबाद (उ०प्र०) की मूल रजिस्ट्री कहीं खो गई है। कृपया मिलने पर संपर्क करें: 8328692942.

PD(3394)C

CHANGE OF NAME

I, KARANBIR SINGH, S/O, DEVINDER SINGH, R/O, J - 93, OPPOSITE, 3, BLOCK. MILAP, MARKET, SUBHASH NAGAR, HARI NAGAR, NEW DELHI - 110064, HAVE CHANGED MY NAME TO KARNBIR SINGH, (KARANBIR SINGH AND KARNBIR SINGH IS THE SAME PERSON)

PD(3399)C

सार्वजनिक सूचना

सभी आम जनता को सूचित किया जाता है कि राज कुमार भाटिया (पुत्र) ने दुकान बिल्ड बी-436, नेहरु ग्राउंड एन आई टी फरीदाबाद का रकबा 35 वर्गगज प्रापर्टी आई डी न० 1B1K7JQ3 को स्व० तिलक राज भाटिया की मृत्यु दिनांक 28.11.2020 की मृत्यु उपरान्त अपने नाम हस्तांतरण करने के लिए आवेदन किया है। जो कि वसीयत रजि न० 315 दिनांक 24.8.2006 एस आर फरीदाबाद के तहत मालिक है। यदि इस बाबत किसी को आपत्ति है तो यह नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ नगर निगम आयुक्त फरीदाबाद को लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा संपत्ति अधिकारी नगर निगम आयुक्त फरीदाबाद की नीति के अनुसार उक्त हस्तांतरण/प्रापर्टी आई डी को मंजूरी दे दी जाएगी और उसके बाद कोई दावा होने पर उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

आयुक्त, नगर निगम फरीदाबाद

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री सुनीता गोयल, [illegible] सेक्टर-[illegible], गुरुग्राम, तहसील-हरसरू, हरियाणा स्थित टावर-बी में, 7वीं मंजिल पर स्थित, 614.270 वर्ग फुट यानी 47.77 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले आवासीय अपार्टमेंट संख्या C-703 की मालिक थीं। [illegible] दिनांक 05.07.2017 [illegible] दिनांक 16.11.2022 [illegible] 9854 [illegible]

[illegible] 15 दिनों के भीतर [illegible] 15-दिवसीय अवधि के बाद प्रस्तुत की गई कोई भी आपत्ति [illegible]

यदि कोई आपत्ति दर्ज कराना चाहता है, तो कृपया निर्धारित 15 दिनों के भीतर [illegible] कार्यालय संख्या 11, प्रथम तल, [illegible] ए-44/ए, सेक्टर-16, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 पर संपर्क करके ऐसा करें; टेलीफोन: +910120-4499711, ई-मेल: accounts@lvnorth.in

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, MOHAMED SIRAJ S/O MEHNDI HUSSAIN R/O B-33, 1ST FLOOR, TAJPUR PAHARI, BUDH VIHAR, BADARPUR, PO: BADARPUR, SOUTH DELHI, DELHI-110044 declare that name of mine has been wrongly written as MOHAMMAD SIRAJ in my minor son SOYAB aged 13 years in his 10th school records. The actual name of mine is MOHAMED SIRAJ, which may be amended accordingly.

पब्लिक नोटिस

सभी को पता है कि मेरी मुवक्किल फ्लैट संख्या 101, क्षेत्रफल 33 वर्ग गज, खसरा संख्या 59/22, मोहन गार्डन, ब्लाक-एल, उत्तम नगर, नई दिल्ली के मालिक बीर सिंह ने श्रीमती [illegible] देवी से जीपीए, एग्रीमेंट और [illegible] दिनांक 12.12.2006 के तहत खरीदा था, अब बीर सिंह उपरोक्त संपत्ति बेचना चाहते है और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार, बिक्री, बंधक आदि मान्य नहीं होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 15 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. [illegible]

एडरेम लिगल सल्यूशन

[illegible]

बेदखल सूचना

मेरी मुवक्किला माया देवी (आधार नं० 6792 2127 3106) पत्नी श्री विजय पाण्डे बाउम्र 44 साल निवासी गली नं0 2, नियर ईदगाह कालोनी, गौंछी, बल्लबगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा के पुत्र जय प्रकाश उसके कहने में नहीं है और मनमानी करता है और मेरी मुवक्किला व उसके परिवार की कोई बात नहीं मानता है व इसलिए मेरी मुवक्किला ने दुखी व परेशान होकर अपने पुत्र जय प्रकाश से अपने सभी सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक व नैतिक संबंध विच्छेद कर लिये हैं तथा उसे अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद मेरी मुवक्किला व उसके परिवार के किसी भी सदस्य से इनसे कोई लेन-देन व कोई ताल्लुक वास्ता नहीं है। आज के बाद जो भी व्यक्ति जय प्रकाश से कोई संबंध लेन-देन या व्यवहार रखता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेवार होगा। राजेश अहलावत, एडवोकेट

मुख्य सड़कों से धूल-मिट्टी हटाने से लेकर कचरा फैलाने वालों पर सख्त निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और शहर में प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से चलाया जा रहा मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम लगातार गति पकड़ रहा है। पिछले 2-3 वर्षों में पहली बार चल रहे इस अभियान के तहत शहरभर में सफाई, धूल-मिट्टी हटाने, सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए निगम टीमें दिन-रात काम कर रही हैं।

निगम की टीमें प्रतिदिन प्रमुख सडकों से धूल-मिट्टी और खरपतवार हटाकर सडक पर जमा धूल को कम करने का प्रयास कर रही हैं। साथ ही, सीएंडडी वेस्ट, बागवानी वेस्ट और प्लास्टिक वेस्ट को भी व्यवस्थित रूप से उठाया जा रहा है। इसके अलावा शहर के सभी गार्बेज वर्नेबल प्वाइंटों पर विशेष फोकस कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम की 18 मैकेनाइज्ड सडक सफाई मशीनें रात भर शहर की मुख्य सडकों पर तैनात रहती हैं। पेड़ों और सडकों पर टैंकरों से शोधित पानी का छिडकाव भी लगातार किया जा रहा है। निगम ने सार्वजनिक स्थानों, ग्रीन बेल्ट, नालों और खाली जमीनों पर कचरा या मलबा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) की पालना सुनिश्चित करने के लिए फायर-ऑन-वेस्ट की घटनाओं की भी लगातार निगरानी की जा रही है। जहां भी कचरे में आग लगने की सूचना मिलती है, निगम टीमें तुरंत पहुंचकर आग पर काबू पा रही हैं।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शोभा रानी जैन, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश के सेक्टर 10, ब्लॉक डी में प्लॉट संख्या 71, क्षेत्रफल 208.00 वर्ग मीटर की स्वामी हैं। यह हस्तांतरण विलेख सह विक्रय विलेख दिनांक 25.07.2008, दस्तावेज़ संख्या 2454 के माध्यम से श्री वेद प्रकाश जैन द्वारा मेसर्स डी.के. इंडस्ट्रीज के एसपीए के माध्यम से प्रोप. गुलशन वीर के माध्यम से श्रीमती शोभा रानी जैन के पक्ष में निष्पादित किया गया है।

उपरोक्त स्वामी ने (1) मूल लीज़ डीड दिनांक 19.06.2003, दस्तावेज़ संख्या 5183, जो नोएडा द्वारा मेसर्स डी.के. इंडस्ट्रीज के पक्ष में प्रोपराइटर गुलशन वीर सिंह द्वारा एसपीए श्री वेद प्रकाश जैन के माध्यम से निष्पादित किया गया था, खो दिया है। उक्त संपत्ति के संबंध में शिकायत आवेदन संख्या 3331245/2025 के माध्यम से पंजीकृत है, जो दिनांक 06.11.2025 को थाना न्यू अशोक नगर, क्राइम ब्रांच दिल्ली में पंजीकृत है। यदि किसी को उपरोक्त दस्तावेज़ मिलें, तो कृपया उन्हें एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, नोएडा सेक्टर-4, उत्तर प्रदेश के प्रबंधक को सौंप दें।

श्रीमती शोभा रानी जैन, बिक्री विलेख के माध्यम से उपर्युक्त भूखंड का स्वामित्व मेसर्स रजत मोटर्स को हस्तांतरित करना चाहती हैं। इसके बाद, मेसर्स रजत मोटर्स उक्त संपत्ति को एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के पास गिरवी रखने की प्रक्रिया में है। इस लेनदेन के संबंध में कोई भी आपत्ति या चिंता इस सार्वजनिक सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर उठाई जानी चाहिए। इस 07-दिवसीय अवधि के बाद प्रस्तुत की गई कोई भी आपत्ति उक्त संपत्ति या हमारे ग्राहक के हितों के संबंध में बाध्यकारी नहीं मानी जाएगी।

यदि कोई आपत्ति दर्ज कराना चाहता है, तो कृपया निर्धारित 07 दिनों की अवधि के भीतर लॉ वेरिटास नॉर्थ (एडवोकेट्स एवं लीगल कंसल्टेंट्स) कार्यालय संख्या 11, प्रथम तल, बिल्डिंग संख्या ए-44/ए, सेक्टर-16, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301; टेलीफोन: +91012-04499711, ई-मेल: accounts@lvnorth.in पर संपर्क करके ऐसा करें।

क्रेडिट कार्ड अपग्रेड और लिमिट बढ़ाने के नाम पर 1.30 लाख की ठगी

फरीदाबाद। साइबर अपराधों पर सख्त कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना सेंट्रल टीम ने क्रेडिट कार्ड अपग्रेड और लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने मिलकर एक व्यक्ति से 1,30,000 रुपए की ठगी की थी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, कृष्णा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसे एक कॉल आई जिसमें कॉलर ने खुद को एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग से बताया। कॉलर ने कहा कि वह उसका कार्ड अपग्रेड कर रहा है और लिमिट बढ़ाने के लिए एक ओटीपी भेज रहा है। जैसे ही शिकायतकर्ता ने ओटीपी बताया, उसके खाते से विभिन्न ट्रांजेक्शनों के माध्यम से 1.30 लाख रुपए निकाल लिए गए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने सोनू, सुनील चौहान और अमन कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी सोनू ने रोहिणी में एक कमरा किराये पर ले रखा था, जहां सभी मिलकर लोगों की जानकारी जुटाते और बैंक अधिकारी बनकर कॉल करते थे।

MODI RUBBER LIMITED

CIN: L25199UP1971PLC003392

Registered Office: Modinagar - 201204; Dist. Ghaziabad, (U.P.)
Corporate Office: 4-7C, DDA Shopping Centre, New Friends Colony, New Delhi-110025; Website: www.modirubberlimited.com
Email: investors@modigroup.net; Phone: +91-11-41619905

NOTICE

Pursuant to regulation 29 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that a 311th Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday on 14th day of November, 2025 at 4.30 PM at Corporate Office: 4-7/C, DDA Shopping Centre, 4th Floor, New Friends Colony, New Delhi- 110025 to inter-alia approve the following:

(1) Un-audited Financial Results (Standalone & Consolidated) of the Company for the quarter and half year ended September, 2025 and review limited review report of the Statutory Auditors for the publication as per SEBI LODR requirements

For Modi Rubber Limited
Sd/-
(S K Bajpai)
Head - Legal & Co. Secretary

Place : New Delhi
Date : 06.11.2025

Sylvanus Properties Limited

(CIN: U70109DL2006PLC150229)

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30 SEPTEMBER 2025

(₹ in Millions)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 30 September 2025 (Unaudited)	Corresponding quarter ended 30 September 2024 (Unaudited)	Previous year ended 31 March 2025 (Audited)
1	Total Income from Operations	39.60	11.34	146.80
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	(138.19)	(36.95)	(390.50)
3	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(138.19)	(36.95)	(1,710.50)
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(138.13)	(38.13)	(1,757.70)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(138.13)	(38.13)	(1,755.40)
6	Paid up Equity Share Capital	100.00	100.00	100.00
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	(8,770.07)	(6,833.90)	(8,504.70)
8	Securities Premium Account	-	-	-
9	Net Worth	(8,670.07)	(6,733.90)	(8,404.70)
10	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	11,344.43	10,010.47	10,950.80
11	Outstanding Redeemable Preference Share	-	-	-
12	Debt Equity Ratio*	-	-	-
13	Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share ₹10 each) (for continuing and discontinued operations) -			
	- Basic (Amount in ₹)	(13.81)	(3.81)	(175.77)
	- Diluted (Amount in ₹)	(13.81)	(3.81)	(175.77)
14	Capital Redemption Reserve	-	-	-
15	Debenture Redemption Reserve	-	-	-
16	Debt Service Coverage Ratio**	-	-	-
17	Interest Service Coverage Ratio	(0.64)	-	(46.36)
18	Current ratio (In times)	0.34	0.43	0.36
19	Total debts to total assets (In times)	3.17	1.94	3.06
20	Long term debt to working capital (In times)#	-	-	-
21	Bad debt to account receivable ratio (In %)	-	-	-
22	Current liability ratio (In times)	0.85	1.00	0.84
23	Debtor turnover ratio (In times)	0.57	0.12	1.34
24	Inventory turnover ratio (In times)	0.01	0.00	0.07
25	Operating margin (In %)	(14.47)	(81.16)	(74.33)
26	Net profit margin (In %)	(348.93)	(336.22)	(1,197.55)

* Ratio can not be calculated due to negative average shareholders funds.
** Ratio can not be calculated due to negative earning available for debt service.
# Ratio can not be calculated due to negative working capital.

Notes :
1. The above results have been reviewed and approved by the Board of Directors ("the Board") at its meeting held on 06 November 2025.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com/sylvanus/) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office:
Office no 202, 2nd Floor,A-18 Rama House, Middle Circle, Connaught Place , New Delhi- 110 001

For and on behalf of the Board of Directors

Place : New Delhi
Date : 06 November 2025

Rikesh Kirtikumar Lakhani
Whole-time director

Tapir Constructions Limited

(CIN: U70200DL2014PLC267441)

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30 SEPTEMBER 2025

(₹ in Millions)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 30 September 2025 (Unaudited)	Corresponding quarter ended 30 September 2024 (Unaudited)	Previous year ended 31 March 2025 (Audited)
1	Total Income from Operations	1,616.17	12.40	23.30
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	(40.56)	(13.70)	(182.80)
3	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(40.56)	(13.70)	(182.80)
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(40.56)	(13.70)	(182.80)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(40.56)	(13.70)	(179.20)
6	Paid up Equity Share Capital	0.50	0.50	0.50
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	(2,199.98)	(2,154.00)	(2,268.60)
8	Securities Premium Account	-	-	-
9	Net Worth	(2,199.48)	(2,153.50)	(2,268.10)
10	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	5,218.20	3,785.20	4,438.80
11	Outstanding Redeemable Preference Share	-	-	-
12	Debt Equity Ratio*	-	-	-
13	Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share ₹ 10 each) (for continuing and discontinued operations) -			
	- Basic (Amount in ₹)	2,022.74	(273.20)	(3,654.38)
	- Diluted (Amount in ₹)	2,022.74	(273.20)	(3,654.38)
14	Capital Redemption Reserve	-	-	-
15	Debenture Redemption Reserve	-	-	-
16	Debt Service Coverage Ratio**	-	-	-
17	Interest Service Coverage Ratio	-	(0.21)	(0.66)
18	Current ratio (In times)	1.06	0.92	1.02
19	Total debts to total assets (In times)	1.40	0.71	0.73
20	Long term debt to working capital (In times)#	11.31	-	19.38
21	Bad debt to account receivable ratio (In %)	-	-	-
22	Current liability ratio (In times)	0.59	0.77	0.71
23	Debtor turnover ratio (In times)	-	-	-
24	Inventory turnover ratio (In times)	0.37	-	-
25	Operating margin (In %)	3.33	-	11.31
26	Net profit margin (In %)	6.26	(110.93)	(783.67)

* Ratio can not be calculated due to negative average shareholders funds.
** Ratio can not be calculated due to negative earning available for debt service.
# Ratio can not be calculated due to negative working capital.

Notes :
1 The above results have been reviewed and approved by the Board of Directors ("the Board") at its meeting held on 06 November 2025.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com/tcl/) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office:
Office No. 202, 2nd Floor, A-18, Rama House, Middle Circle, Connaught Place, New Delhi- 110 001.

For and on behalf of the Board of Directors

Place : New Delhi
Date : 06 November 2025

Abhishek Rajninath Surve
Whole-time director

Lucina Land Development Limited

(CIN: U70109DL2006PLC151260)

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30 SEPTEMBER 2025

(₹ in million)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 30 September 2025 (Unaudited)	Corresponding quarter ended 30 June 2024 (Unaudited)	Previous year ended 31 March 2025 (Audited)
1	Total Income from Operations	2.52	25.00	160.60
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	(85.34)	(38.20)	(252.70)
3	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(85.34)	(38.20)	(1,171.40)
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(85.34)	(38.20)	(1,663.90)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(85.34)	(38.20)	(1,657.30)
6	Paid up Equity Share Capital	0.50	0.50	0.50
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	(10,952.46)	(8,959.50)	(10,799.60)
8	Securities Premium Account	-	-	-
9	Net Worth	(10,675.52)	(8,959.00)	(10,522.60)
10	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	13,032.17	12,244.00	12,583.20
11	Outstanding Redeemable Preference Share	-	-	-
12	Debt Equity Ratio*	-	-	-
13	Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share ₹10 each) (for continuing and discontinued operations) -			
	- Basic (Amount in ₹)	(1,706.91)	(763.73)	(33,280.43)
	- Diluted (Amount in ₹)	(1,706.91)	(763.73)	(33,280.43)
14	Capital Redemption Reserve	-	-	-
15	Debenture Redemption Reserve	-	-	-
16	Debt Service Coverage Ratio**	-	-	-
17	Interest Service Coverage Ratio	(1.13)	(0.62)	(10.59)
18	Current ratio (In times)	0.55	0.57	0.54
19	Total debts to total assets (In times)	1.10	0.99	1.11
20	Long term debt to working capital (In times)#	-	-	-
21	Bad debt to account receivable ratio (In %)	-	-	-
22	Current liability ratio (In times)	0.95	1.00	0.95
23	Debtor turnover ratio (In times)	0.04	0.04	0.85
24	Inventory turnover ratio (In times)	-	0.00	0.01
25	Operating margin (In %)	52.98	(17.60)	22.34
26	Net profit margin (In %)	(2,229.50)	(153.16)	(1,347.46)

* Ratio can not be calculated due to negative average shareholders funds.
** Ratio can not be calculated due to negative earning available for debt service.
# Ratio can not be calculated due to negative working capital.

Notes :
1. The above results have been reviewed and approved by the Board of Directors ("the Board") at its meeting held on 6 November 2025.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com/tcl/) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office: Office no 202, 2nd Floor,A-18 Rama House, Middle Circle, Connaught Place , New Delhi- 110 001.

For and on behalf of the Board of Directors

Place : New Delhi
Date : 6 November 2025

Meyyappan Ramanathan
Whole-time director

बिहार चुनाव को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया दावा

एनडीए को पिछली बार से ज्यादा सीटें मिलेंगी

- अपना हित अच्छी तरह से जानती है बिहार की जनता
- पिछले 15-20 वर्षों में जनता ने राज्य में उल्लेखनीय प्रगति देखी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण के लिए मतदान जारी है। इस बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दावा किया है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि बिहार की जनता निश्चित रूप से जानती है कि उनके हित में क्या है। पिछले 15-20 वर्षों में उन्होंने राज्य में उल्लेखनीय प्रगति देखी है।

वे जानते हैं कि बिहार का विकास केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार और एनडीए के मार्गदर्शन में ही संभव है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि एनडीए यहां पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी और पिछली बार से ज्यादा सीटें हासिल करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने बिहार चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान शुरू होने से पहले मतदाताओं से बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की। रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट किया, बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सभी सम्माननीय मतदाताओं से अपील है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ भाग लें। आपका एक-एक वोट विकसित बिहार के सपने को साकार करने की दिशा में अमूल्य योगदान देगा। घर से निकलें, मतदान करें और अपने परिवार व मित्रों को भी इस लोकतांत्रिक दायित्व के लिए प्रेरित करें। पहले मतदान, फिर जलपान। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सेना पर दिए गए बयान को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उन्हें आड़े हाथों लिया।

रेखा गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी देश का अपमान करते हैं, विदेशों में जाकर भारत की बुराई करते हैं, सेना पर सवाल उठाते हैं, भारत माता और सेना का अपमान करते हैं तथा प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें तालाब भरकर पानी की जरूरत नहीं, चुल्लू भर पानी ही काफी है। दिल्ली की सीएम ने दावा किया कि इस बार जनता उन्हें करारा जवाब देकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएगी। रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी की सराहना करते हुए कहा कि जब वर्षों तक देश की बेटियां खुले में शौच करने को मजबूर थीं, तब कोई लालटेन वाला नेता नहीं आया था। पीएम मोदी ने पूरे देश की बहनों के बारे में हितकारी कदम उठाए।

4.45 लाख की चोरी, सहायक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सागरपुर इलाके में 30 वर्षीय एक घरेलू सहायक को गिरफ्तार किया है। उसपर अपने मालिक के घर से 4.45 लाख रुपये चोरी करने का आरोप है।पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान शिवम सक्सेना के रूप में हुई है जो शिकायतकर्ता के घर पर लंबे समय से काम कर रहा था। आरोपी 30 अक्टूबर को नकद राशि लेकर भाग गया जिसके बाद एक ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपी का पता लगाने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने अलीगढ़ में संदिग्ध का पता लगाया और बुधवार को उसे हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया, पुलिस ने उसके पास से 3.29 लाख रुपये की नकद राशि के साथ-साथ चोरी के पैसे से खरीदे गए 25,000 रुपये के सामान भी बरामद किए हैं।

डीडीए की कार्रवाई करने की फर्जी नोटिस ने पैदा किया डर का माहौल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- अधिकारियों ने बताया कि चिपकाए गए नोटिस पूरी तरह फर्जी

शाहदरा डिस्ट्रिक और नार्थ ईस्ट दिल्ली डिस्ट्रिक में लगे नोटिस की वजह से नन्द नगरी इलाके के सुंदर नगरी और शाहदरा के खेड़ा गांव के झुग्गीवासियों में उस समय दहशत का माहौल पैदा हो गया जब बुधवार को उन्होने इलाके में एक नोटिस लगा देखा, जिसमे लिखा था कि 12 दिसंबर और 15 दिसंबर को डीडीए की तरफ से कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया जाएगा।

नोटिस में बताया गया था, यह नोटिस नगर-निगम के उद्यान विभाग द्वारा लगाया गया है,जबकि इस नोटिस को पार्षद वीर सिंह पवार ने सिरे से नकारते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने के लिए इन नोटिस को नन्द नगरी इलाके के सुंदर नगरी और शाहदरा के खेड़ा गांव में लगाया गया, बुधवार को हुई मीटिंग में डीडीए के अधिकारियों से इस संबंध में पूछा गया था तब उन्होंने कहा इस तरह के आदेश से पहले गैजेट निकाला जाता है और उसके बाद नोटिस बांटे जाते है या चिपकाये जाते है, लेकिन यह नोटिस किसी असामाजिक तत्व दुवारा लगाए गए है जिनकी मंशा लोगो को भड़काना है। खेड़ा गांव के निवासी अवदेश कुमार ने बताया यह नोटिस माहौल खराब करने के लिए लगाए गए है जिसके पीछे झुग्गियों में रह रहे लोगो में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है।इस नोटिस में बताया गया है कि यह नोटिस नगर-निगम के उद्यान विभाग द्वारा लगाया गया है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार वार्ड संख्या 244 में आदेश 9 अगस्त 2019 के आज्ञानुसार ई- 60, ई -57 और ई-117 में सभी अनधिकृत वाणिज्यिक संरचनाओ और नई झुग्गियां जो दिल्ली राष्टीय राजधानी, राज्य क्षेत्र निधि (विशेष उपबंध) अधिनियम 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत नहीं आती है, इसलिए डीडीए द्वारा 12 और 15 दिसंबर 2025 को हटाया जाएगा इन सभी लोगो से अनुरोध है 12 दिसंबर तक इनको हटा ले नहीं तो इनको हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

20 लाख के मोबाइल की हेराफेरी, पुलिस ने 24 घंटे में खोली पोल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने फर्जी डकैती के मामले को 24 घंटे में सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लगभग 20 लाख रुपए की कीमत के महंगे मोबाइल फोन की हेराफेरी करने के लिए बंदूक के बल पर फर्जी डकैती का नाटक रचा था।

दिल्ली पुलिस ने 24 घंटे में पर्दाफाश करते हुए पूरा सामान बरामद किया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, थाना शकरपुर के अंतर्गत विकास मार्ग के पास लगभग 20 लाख रुपए मूल्य के महंगे मोबाइल फोन की लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। कूरियर बॉय के रूप में काम करने वाले शिकायतकर्ता आशीष कुमार ने बताया कि जब वह अपने स्कूटर से करोल बाग में मोबाइल फोन डिलीवर कर रहा था, तो विकास मार्ग फ्लाईओवर के पास एक अन्य स्कूटर पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया, उन्हें बंदूक से धमकाया और 25 मोबाइल फोन (14 आईफोन 17 और 10 वनप्लस भी शामिल) से भरा उनका बैकपैक छीन लिया। शिकायत के आधार पर शकरपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई और जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ को कथित लुटेरों का पता लगाने और मामले को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का काम सौंपा गया। इस मामले में एक टीम भी गठित की गई। टीम ने तकनीकी व मैनुअल जांच की, बताए गए रास्ते में लगे कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले और शिकायतकर्ता की ओर से बताई गई गतिविधियों के क्रम का विश्लेषण किया। हालांकि, जाँच के दौरान शिकायतकर्ता के बयान और घटनाक्रम में कई विसंगतियां और विरोधाभास मिले। तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी ने आगे बताया कि डकैती की कहानी संदिग्ध थी। पूछताछ में शिकायतकर्ता आशीष कुमार टूट गया और उसने मोबाइल फोन की खेप हड़पने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी डकैती की साजिश रचने की बात कबूल की।

चार साइबर आपराधिक गिरोहों का भंडाफोड़, छह आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की साइबर पश्चिम इकाई ने सप्ताह भर चले विशेष अभियान में चार अंतरराज्यीय साइबर आपराधिक गिरोहों का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे कुल 34 लाख रुपए से अधिक की ठगी की राशि बरामद करने के सुराग मिले। अभियान के दौरान 7 मोबाइल फोन, 3 एटीएम कार्ड, 2 चेक बुक, 1 पासबुक और 2 सिम कार्ड बरामद हुए। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर विकास कुमार (थाना प्रभारी, साइबर वेस्ट) और एसीपी ऑप्स विजय सिंह के नेतृत्व में डीसीपी पश्चिम शरद भास्कर दाराडे (आईपीएस) के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। शिवा (19 वर्ष, बेरोजगार, 8वीं पास) और पुनीत कुमार उर्फ साहिल (22 वर्ष, बेरोजगार, 12वीं पास) को गिरफ्तार किया गया। 8 जुलाई 2024 को एक शिकायत में पीड़ित ने बताया कि फर्जी व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर मनी लॉन्ड्रिंग जांच के बहाने 11, 75, 228 रुपए की ठगी की गई। एसआई अरविंद सिंह, हेड कांस्टेबल नरेश और कांस्टेबल कपिल की टीम ने तकनीकी विश्लेषण से हरिजन बस्ती, बल्लभगढ़ से दोनों को पकड़ा।

'से हेल्प' ऐप की मदद से दिल्ली पुलिस ने तोड़ा मानव तस्करी का रैकेट, 6 महिलाओं को बचाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गैलेक्सी स्पा किया सील

दिल्ली पुलिस के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ने आधुनिक तकनीक का कमाल दिखाते हुए पहाड़गंज इलाके में एक बड़े अनैतिक तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर दिया। से हेल्प नामक वॉयस-एक्टिवेटेड इमरजेंसी ऐप के जरिए मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गैलेक्सी स्पा को सील कर दिया। इस ऑपरेशन में छह महिलाओं को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया गया, जबकि एक महिला रिसेप्शनिस्ट को गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी में 2,000 रुपए की चिह्नित मुद्रा और तीन निरोधक पैकेट शामिल हैं। 30-31 अक्टूबर 2025 की मध्य रात्रि करीब 11:30 बजे से हेल्प ऐप पर एक 32 वर्षीय व्यक्ति ने अलर्ट भेजा। उसने दावा किया कि एक महिला को जबरन एक स्पा जैसी जगह पर ले जाया जा रहा है। ऐप ने तुरंत वीडियो, ऑडियो, जीपीएस लोकेशन और लाइव ट्रैकिंग के जरिए पुलिस को रीयल-टाइम जानकारी भेज दी। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के विशेष स्टाफ, मध्य जिला पुलिस और ऐप की समर्पित टीम ने सूचना की पुष्टि की। खुफिया जानकारी से पता चला कि डीबीजी रोड, नबी करीम स्थित टुडे होटल के पास गैलेक्सी स्पा (द्वितीय तल, 4/1) में अनैतिक तस्करी का धंधा फल-फूल रहा था। पुलिस ने रणनीतिक छापेमारी की। एक अधिकारी को फर्जी ग्राहक बनाकर 2,000 रुपए के चिह्नित नोट दिए गए। उसे व्हाट्सएप पर मिस्ड कॉल देकर संकेत देने को कहा गया। शाम 7:25 बजे फर्जी ग्राहक ने अवैध गतिविधियों की पुष्टि की। तुरंत छापेमारी दल ने स्पा पर धावा बोल दिया। अंदर छह महिलाएं और एक रिसेप्शनिस्ट अनैतिक कामों में लिप्त पाई गईं। चिह्नित नोट और निरोधक पैकेट जब्त कर लिए गए। पूछताछ में रिसेप्शनिस्ट के (36 वर्ष, पहाड़गंज निवासी) ने कबूल किया कि वह अपने पति के साथ मिलकर यह अवैध धंधा चला रही थी। महिलाओं को नौकरी का लालच देकर लाया जाता था, फिर जबरन वेश्यावृत्ति में धकेल दिया जाता। बचाई गई महिलाओं में ज्यादातर दूसरे राज्यों से थीं, जो आर्थिक तंगी का शिकार हो गईं। इन महिलाओं को मेडिकल जांच के बाद काउंसलिंग और पुनर्वास के लिए एनजीओ को सौंप दिया गया। 31 अक्टूबर को थाना नबी करीम में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 की धारा 3/4/5 के तहत प्राथमिकी संख्या 0450/2025 दर्ज की गई। बता दें कि से हेल्प ऐप एंड्रॉइड और आईओएस पर उपलब्ध वैश्विक इमरजेंसी टूल है। यह वॉयस कमांड या पुश बटन से अलर्ट भेजता है, जो एसएमएस/व्हाट्सएप के जरिए संपर्कों और पुलिस तक पहुंचता है।

राजधानी में बिना पीयूसी गाड़ी चलाने वाले सावधान!

ट्रैफिक पुलिस ने 4.87 लाख चालान ठोंके

- खुले में सीमेंट, रेत और धूल फैलाने वाली सामग्री ले जा रहे 941 वाहनों पर जुर्माना लगाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली यातायात पुलिस ने इस वर्ष अक्टूबर तक वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र के बिना वाहन चलाने के लिए 4.87 लाख से अधिक वाहन चालकों का चालान किया है जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 3.78 लाख थी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, इसमें पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

दिल्ली यातायात पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, यह अभियान ऐसे समय में चलाया जा रहा है जब राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब से गंभीर श्रेणी में है। अधिकारी ने कहा कि वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को रोकने के लिए नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यह उत्सर्जन दिल्ली की वायु गुणवत्ता में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अधिकारी ने बताया कि 30 अक्टूबर तक पुलिस ने बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों के 8.87 लाख से ज्यादा चालान काटे। इसके अलावा, खुले में सीमेंट, रेत और धूल फैलाने वाली सामग्री ले जा रहे 941 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया, जबकि प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों का उल्लंघन करने पर 12 पुराने वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम यातायात रेंज में पीयूसी नियम का उल्लंघन करने पर सबसे अधिक (1,14,754) चालान दर्ज किए गए, इसके बाद पूर्व (1,09,707), दक्षिण (1,06,939), उत्तर (96,984), उत्तर-पश्चिम (83,438) और मध्य दिल्ली रेंज (76,012) का स्थान रहा। यातायात पुलिस के सूत्रों ने बताया कि व्यापक प्रवर्तन के बावजूद, नियम तोड़ने वाले केवल 10 प्रतिशत लोगों ने ही अपना जुर्माना चुकाया है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत पीयूसी उल्लंघन पर 10,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जा सकता है। आंकड़ों के अनुसार, यातायात पुलिस ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के क्रियान्वयन में तेजी ला दी है और 14 अक्टूबर से दो नवंबर के बीच वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) के बिना वाहन चलाने वाले चालकों के 46,921 चालान किए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि शहर की सीमाओं पर तैनात यातायात टीमों ने इस अवधि के दौरान 82,334 वाणिज्यिक वाहनों का निरीक्षण किया, तथा प्रदूषण-रोधी मानकों को पूरा न करने वाले 3,018 वाहनों को प्रवेश देने से मना कर दिया। निर्माण एवं विध्वंस का मलबे का परिवहन करने वाले 204 वाहनों पर सामान को ठीक से न ढकने के कारण 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली के बाहर से बीएस-तीन या निम्न श्रेणी के वाहन शहर में प्रवेश न करें, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की 23 संयुक्त टीमों को सीमावर्ती इलाकों में चौबीसों घंटे तैनात किया गया है।

हत्या के आरोप में 24 वर्षीय युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली में दो नवंबर को हुए हिट-एंड-रन के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। एलएनजेपी अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी थी कि एक व्यक्ति को संदिग्ध सड़क दुर्घटना के बाद मृत अवस्था में लाया गया है। इसके बाद, भारतीय न्याया संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और मृतक की पहचान दिल्ली के कृष्णा नगर निवासी राजेंद्र गुप्ता के रूप में हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आसपास की सड़कों पर लगे कई सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की और दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल पर पूछताछ की।

सावधानीपूर्वक तकनीकी विश्लेषण के बाद उत्तर प्रदेश के पंजीकरण वाली एक कार को इस हिट-एंड-रन मामले में शामिल वाहन के रूप में चिन्हित किया गया। वाहन स्वामित्व का विवरण प्राप्त करने के बाद मोटर वाहन अधिनियम की धारा 133 के तहत आगरा निवासी 24 वर्षीय हर्षित मेहता को नोटिस जारी किया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी थाने में पेश हुआ और उसने अपनी संलिप्तता कबूल की। अपराध में शामिल वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

AXIS BANK LTD.

स्वर्ण आभूषणों सहित गिरवी रखी आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित करने का प्रस्ताव है। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं ने सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में सोने के आभूषणों ("स्वर्ण ऋण सुविधा") को गिरवी रखकर एक्सिस बैंक लिमिटेड से क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाया है। उधारकर्ताओं/गारंटरों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उधारकर्ताओं/गारंटरों को प्राप्त स्वर्ण ऋण सुविधा के लिए उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था। चूंकि उधारकर्ता/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में विफल रहे हैं, बैंक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की ई-नीलामी बिक्री करने के लिए विवश है और विशेष रूप से दिनांक **17.11.2025** को दोपहर 12:30 बजे से 03:30 बजे तक "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है, "जो कुछ भी है" और " बिना कोई सहारे के आधार पर अनुसूची में वर्णित गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की ई-नीलामी बिक्री करने के लिए विवश है।

उधारकर्ताओं और बकाया राशि का विवरण

क्र. सं.	ग्राहक का नाम	ऋण खाता नं.	बकाया राशि (रु. में)	पुनःस्मरण सूचना की तिथि	सकल वजन	निवल वजन
	शाखा: अशोक विहार, नई दिल्ली (दिल्ली)					
1	तुषार सिंह	XXXXXXXXXXX5179	रु. 10,22,950.94	29-09-2025	381.400	271.400
	शाखा: बदरपुर दिल्ली दिल्ली					
2	रेहान अफरीदी	XXXXXXXXXXX4345	रु. 3,11,270.00	14-10-2025	62.370	60.610
	शाखा: भवाना दिल्ली, दिल्ली					
3	गीता	XXXXXXXXXXX3356	रु. 1,45,266.00	17-10-2025	26.900	25.700
	शाखा: डीबी गुप्ता रोड, नई दिल्ली(दिल्ली)					
4	मुकेश	XXXXXXXXXXX0652	रु. 4,84,645.70	29-09-2025	155.500	138.300
	शाखा: दरियागंज, दिल्ली (दिल्ली)					
5	सुरेश कुमार	XXXXXXXXXXX4809	रु. 5,37,635.00	27-09-2025	107.910	92.610
	शाखा: डी एल एफ, गुड़गांव (हरि.)					
6	सिमरप्रीत कौर	XXXXXXXXXXX5863	रु. 16,32,022.00	25-03-2025	349.900	341.400
	शाखा: द्वारका, दिल्ली (दिल्ली)					
7	आसिफ इकबाल	XXXXXXXXXXX2552	रु. 2,76,129.93	27-09-2025	77.600	74.100
8	लवलीन शर्मा	XXXXXXXXXXX1915	रु. 66,000.00	29-09-2025	296.500	278.800
	शाखा: फरीदाबाद (हरि.)					
9	चंद्र कला देवी	XXXXXXXXXXX1248	रु. 17,40,025.70	29-09-2025	386.400	377.200
10	मनीषा सिंघला	XXXXXXXXXXX2627	रु. 7,49,423.11	27-09-2025	352.400	282.000
11	जीतेन्द्र भाटिया	XXXXXXXXXXX4671	रु. 2,24,741.81	27-09-2025	87.300	83.900
12	लखबीर सिंह	XXXXXXXXXXX7495	रु. 23,260.00	17-10-2025	15.100	14.600
13	निकिता वर्मा	XXXXXXXXXXX8769	रु. 23,03,093.00	14-09-2025	643.500	552.800
	शाखा: गाजियाबाद (यू.पी.)					
14	अरुण नागर	XXXXXXXXXXX8057	रु. 8,21,032.00	27-09-2025	163.900	146.400
15	मोहम्मद वसीम	XXXXXXXXXXX6160	रु. 29,189.42	16-05-2025	7.100	6.700
	शाखा: ग्रेटर नोएडा (यू.पी.)					
16	बबली	XXXXXXXXXXX0352	रु. 1,57,762.00	27-09-2025	64.900	59.900
17	तस्लीम	XXXXXXXXXXX6184	रु. 28,173.00	17-10-2025	6.800	6.500
18	योगेन्द्र सिंह	XXXXXXXXXXX6782	रु. 8,70,068.00	27-09-2025	150.900	142.400
19	गौरव सिंह	XXXXXXXXXXX1931	रु. 1,30,632.00	17-10-2025	21.800	20.750
20	बिजेंद्र सिंह	XXXXXXXXXXX0882	रु. 1,20,675.54	17-10-2025	37.200	35.200
21	सुमित शर्मा	XXXXXXXXXXX5184	रु. 95,825.01	17-10-2025	22.500	21.050
	शाखा: ग्रेटर नोएडा डब्ल्यू नोएडा यू.पी.					
22	प्रशांत नवल	XXXXXXXXXXX5932	रु. 1,20,542.00	17-10-2025	20.700	19.100
	शाखा: हयातपुर, गुड़गाँव (हरि.)					
23	मोनिका पंघाल	XXXXXXXXXXX5252	रु. 3,64,352.00	27-09-2025	80.200	79.500
	शाखा: ज्योति नगर दिल्ली					
24	रितिका शकल	XXXXXXXXXXX0322	रु. 76,517.00	27-09-2025	17.100	16.200
25	शादामा यूसुफ	XXXXXXXXXXX0404	रु. 11,94,611.79	27-09-2025	282.200	270.700
	शाखा: कालकाजी, नई दिल्ली (दिल्ली)					
26	केशव बैसोया	XXXXXXXXXXX8494	रु. 2,29,413.00	06-08-2025	49.600	47.600
27	कनिका सिंघानिया	XXXXXXXXXXX2755	रु. 1,64,322.00	17-10-2025	58.600	56.500
	शाखा: मालवीय नगर, नई दिल्ली (दिल्ली)					
28	रवि रंजन	XXXXXXXXXXX9647	रु. 1,22,480.29	17-10-2025	21.400	20.500
29	स्नेह भारती	XXXXXXXXXXX4240	रु. 38,18,148.00	17-10-2025	681.000	642.600
30	शाहदाब	XXXXXXXXXXX3206	रु. 97,950.00	17-10-2025	17.700	16.700
	शाखा: मयूर विहार, नई दिल्ली (दिल्ली)					
31	पुनीत जग्गी	XXXXXXXXXXX7730	रु. 52,176.00	17-10-2025	12.400	11.900
	शाखा: मीरा बाग, नई दिल्ली (दिल्ली)					
32	अंजु ओबेरॉय	XXXXXXXXXXX2112	रु. 15,37,830.00	27-09-2025	249.500	242.000
	शाखा: न्यू रेलवे रोड गुड़गाँव					
33	भारत भूषण	XXXXXXXXXXX5862	रु. 1,24,676.00	27-09-2025	20.200	19.100
	शाखा: नोएडा (यू.पी.)					
34	तनु नागर	XXXXXXXXXXX5814	रु. 6,38,823.86	27-09-2025	141.800	128.600
35	शालू शर्मा	XXXXXXXXXXX6929	रु. 1,45,874.12	17-10-2025	33.560	31.560
	शाखा: नोएडा एक्सटेंशन जीएनडब्ल्यू (यू.पी.)					
36	कुमारी सोनी भारती	XXXXXXXXXXX5510	रु. 70,215.97	17-10-2025	18.300	17.200
37	एरम फातिमा	XXXXXXXXXXX7480	रु. 7,98,307.00	27-09-2025	171.300	159.700
	शाखा: पालम विहार, गुड़गांव (हरि.)					
38	मोहित मल्होत्रा	XXXXXXXXXXX2257	रु. 5,25,362.23	27-09-2025	83.900	82.500
	शाखा: पलवल (हरि.)					
39	अमित कुमार कुंडू	XXXXXXXXXXX6567	रु. 66,760.00	17-10-2025	16.300	14.900
	शाखा: पैराडाइज मॉल गुड़गाँव हरि.					
40	अंकिता कुमारी	XXXXXXXXXXX3361	रु. 37,186.00	24-03-2025	37.800	36.800
	शाखा: पुष्पविहार, दिल्ली (दिल्ली)					
41	राहुल झा	XXXXXXXXXXX0540	रु. 2,27,291.41	27-09-2025	41.600	34.300
	शाखा: राज नगर, गाजियाबाद (यू.पी.)					
42	छम्मन	XXXXXXXXXXX0630	रु. 1,65,627.00	17-10-2025	29.100	27.400
43	पंकज खरवार	XXXXXXXXXXX8745	रु. 17,582.00	17-10-2025	17.800	16.500
44	अशोक नागर	XXXXXXXXXXX4847	रु. 10,38,610.00	17-10-2025	270.500	236.000
45	रोहित जायसवाल	XXXXXXXXXXX6307	रु. 75,526.00	16-06-2025	17.860	13.460
	शाखा: सेक्टर 10ए, गुड़गांव (हरि.)					
46	मनुरंजन कुमार ठाकुर	XXXXXXXXXXX4437	रु. 93,583.00	27-09-2025	18.500	17.300
47	जीतेन्द्र कुमार	XXXXXXXXXXX9470	रु. 62,504.00	27-09-2025	10.500	10.000
48	मालती	XXXXXXXXXXX2492	रु. 3,20,056.65	27-09-2025	62.200	60.900
	शाखा: सेक्टर 12, नोएडा					
49	लल्ली श्रीवास्तव	XXXXXXXXXXX3628	रु. 19,28,698.97	14-09-2025	355.800	337.000
	शाखा: सेक्टर 14, गुड़गांव (हरि.)					
50	लतिका	XXXXXXXXXXX0124	रु. 4,10,836.00	16-06-2025	78.500	73.400
51	कु. निशा सिंह	XXXXXXXXXXX8892	रु. 2,47,805.14	27-09-2025	65.700	57.950
	शाखा: सेक्टर 16, फरीदाबाद (हरि.)					
52	गौरव डागर	XXXXXXXXXXX5114	रु. 1,12,000.00	27-09-2025	26.900	26.110
53	मोहम्मद जावेद	XXXXXXXXXXX8027	रु. 5,08,271.85	27-09-2025	83.700	80.700
54	प्रशांत गोदारा	XXXXXXXXXXX1015	रु. 1,34,797.00	17-10-2025	25.300	24.500
55	अनिता खुशीराम	XXXXXXXXXXX0134	रु. 3,25,398.00	14-09-2025	202.000	176.500
	शाखा: सेक्टर-24, रोहिणी, नई दिल्ली (दिल्ली)					
56	अचल कुमार	XXXXXXXXXXX2294	रु. 2,55,719.85	27-09-2025	43.200	41.400
57	पंकज कुमार	XXXXXXXXXXX1151	रु. 1,70,694.37	17-10-2025	32.300	30.800
	शाखा: सेक्टर 88, फरीदाबाद (हरि.)					
58	सुजीत	XXXXXXXXXXX9669	रु. 7,35,329.30	25-03-2025	180.770	175.170
	शाखा: शाहदरा, दिल्ली (दिल्ली)					
59	अनीश	XXXXXXXXXXX5364	रु. 16,56,484.30	14-09-2025	290.900	281.700
	शाखा: शीशगंज सीएचए ओल्ड दिल्ली					
60	सुशील	XXXXXXXXXXX0767	रु. 7,14,395.00	27-09-2025	138.730	131.920
	शाखा: साउथ पटेल नगर, दिल्ली					
61	राज किशोर गिरी	XXXXXXXXXXX2506	रु. 1,35,611.00	17-10-2025	24.820	23.110
	शाखा: स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (दिल्ली)					
62	प्रिया चावला	XXXXXXXXXXX7926	रु. 9,31,001.00	27-09-2025	176.900	155.600
63	व्योम गुप्ता	XXXXXXXXXXX6553	रु. 7,18,748.00	30-01-2025	176.700	167.100
64	मुकेश	XXXXXXXXXXX9412	रु. 4,68,623.35	27-09-2025	96.000	91.100
65	रवि पाल	XXXXXXXXXXX3854	रु. 4,05,988.56	27-09-2025	81.800	75.500
	शाखा: उत्तम नगर, नई दिल्ली (दिल्ली)					
66	कपिल चावला	XXXXXXXXXXX6374	रु. 47,941.00	17-10-2025	12.700	12.200
	शाखा: वैशाली, गाजियाबाद (यू.पी.)					
67	प्रियंका कुमारी	XXXXXXXXXXX6042	रु. 62,837.00	27-09-2025	34.100	24.800
68	कु. ज्योति पाल	XXXXXXXXXXX8565	रु. 8,15,837.00	27-09-2025	161.800	144.300
69	विभा देवी	XXXXXXXXXXX3218	रु. 34,768.00	08-04-2025	9.500	9.100
	शाखा: विश्वास नगर, दिल्ली (दिल्ली)					
70	नूतन कौशिक	XXXXXXXXXXX8812	रु. 56,010.40	17-10-2025	11.700	11.400
71	गुरचरण अरोड़ा	XXXXXXXXXXX3696	रु. 4,10,977.80	25-03-2025	95.760	92.560
	शाखा: वैभव खंड यू.पी.					
72	बलवंत कुमार	XXXXXXXXXXX1947	रु. 1,36,216.24	17-10-2025	47.440	38.440

एक्सिस बैंक लिमिटेड बिना किसी पूर्व सूचना के खाते को हटाने/नीलामी की तारीख बदलने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाइन **https://gold.samil.in** दोपहर 12.30 बजे से 03.30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट **https://gold.samil.in** पर लॉग इन करें।

स्थान : दिल्ली,
तिथि : 07.11.2025

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी,
एक्सिस बैंक लिमिटेड

संक्षिप्त खबरें

थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की अमृतसर-चंडीगढ़ यात्रा

फरीदाबाद। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया द्वारा थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए अमृतसर, चंडीगढ़ और पंचकूला की मनोरंजक यात्रा का आयोजन किया गया। संस्था का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ रखने के साथ-साथ उनके जीवन में खुशियां भरना है। यात्रा का शुभारंभ कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-15 से नीरज चावला, सुनील किनरा, अनूप गर्ग, विजय कपूर, अनीता जैन, मोहिंदर खुराना और मनोहर पुनियानी के सहयोग से किया गया। अमृतसर पहुंचकर बच्चों ने स्वर्ण मंदिर श्री हरमिंदर साहिब में माथा टेका और स्वस्थ जीवन की अरदास की। इस अवसर पर आलोक मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहे। संयोग से फाउंडेशन के महासचिव रविंद्र डुडेजा का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में छष्टक्क पंचकूला मनप्रीत सिंह, राकेश अग्रवाल, राजेंद्र कालरा, जे.के. भाटिया और कमलेश डुडेजा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बच्चों के लिए स्वादिष्ट रात्रिभोज का आनंद लिया और हर साल ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

हत्यारा लिखी टी-शर्ट पहना युवक गिरफ्तार

फरीदाबाद। डबुआ थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने एक अजीबोगरीब मामला पकड़ा। एक युवक अपनी टी-शर्ट पर बड़े अक्षरों में हत्यारा लिखवाकर शहर में घूम रहा था और लोगों को डरा रहा था। इतना ही नहीं, उसने अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी की नंबर प्लेट पर 420 भी लिख रखा था। लोगों में भय का माहौल बना हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह मीट की दुकान चलाता है और मुर्गा काटने का काम करता है, इसलिए उसने यह टी-शर्ट पहनी थी। थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से स्थानीय लोगों की शिकायतें मिल रही थीं कि एक युवक हत्यारा लिखी टी-शर्ट पहनकर और 420 लिखी स्कूटी पर घूमता है, जिससे लोग भयभीत हैं। कई लोगों ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी डाला था, जो तेजी से वायरल हो गया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर युवक की तलाश शुरू की और बुधवार को उसे डबुआ मार्केट से राजीव नगर की ओर जाते हुए पकड़ लिया। पकड़े जाने पर युवक ने पुलिस के सामने माफी मांगी और कहा कि उसका किसी को डराने का इरादा नहीं था। उसने भरोसा दिलाया कि अब वह ऐसी टी-शर्ट नहीं पहनेगा और स्कूटी पर लिखे 420 नंबर को भी तुरंत हटा देगा।

15 दिन बाद किसानों को मिली खाद, राहत

फरीदाबाद। जिले के किसानों को आखिरकार 15 दिन के लंबे इंतजार के बाद यूरिया और डीएपी खाद मिलना शुरू हुआ है। पिछले कई दिनों से खाद की कमी के चलते किसान परेशान थे और रोजाना खाद केंद्रों के चक्कर लगा रहे थे। अब जब वितरण शुरू हुआ, तो उन्हें राहत तो मिली, लेकिन इसके लिए घंटों लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ा। पनहेड़ा गांव के गंगाराम, मोहला गांव के जयकुमार और घरौंडा गांव के तारा चंद ने बताया कि इस समय रबी फसलों की बुआई का सीजन चल रहा है, ऐसे में समय पर खाद न मिलने से फसलों की तैयारी में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि खाद केंद्रों पर सीमित मात्रा में ही खाद दी जा रही है, जिससे किसानों को बार-बार लाइन लगानी पड़ती है। कई किसानों ने बताया कि जरूरत के मुकाबले दो से तीन कट्टे कम खाद दी जा रही है, जिससे बुआई और उत्पादन दोनों पर असर पड़ सकता है।

स्टेट ओलंपिक गेम्स में फरीदाबाद की चमक

फरीदाबाद/कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्टेट ओलंपिक गेम्स में फरीदाबाद की योगासन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। 2 से 6 नवम्बर तक कुरुक्षेत्र में आयोजित इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद की खिलाड़ियों ने स्वर्ण और रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। फरीदाबाद की मनीषा और अंजलि ने आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि मनीषा ने आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में रजत पदक अपने नाम किया। जिले की टीम में मनीषा गिरी, मनीषा चौहान, अंशिका और अंजलि शामिल रहीं, जिन्होंने पूरे समर्पण और मेहनत से प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्या, डायरेक्टर ऑफ कम्पटीशन डॉ. कोमल कौशिक, डॉ. युधवीर और स्टेट सेक्रेटरी हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन मौजूद रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके प्रदर्शन की सराहना की। फरीदाबाद टीम के कोच श्याम कुमार, जो इस प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफिशियल भी रहे, ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और नियमित अभ्यास का यह परिणाम है। वहीं जिला सचिव अंकुर सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों का अगला लक्ष्य एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप है और उन्हें उम्मीद है कि ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगी।

भारत के युवा विश्व पटल पर बना रहे नई पहचान: विधायक

- डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज में जोश और उत्साह के साथ शुरू हुआ जिला युवा महोत्सव-2025

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनआईटी फरीदाबाद विधायक सतीश फागना ने कहा कि भारत के युवा आज विश्व पटल पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार की भावना भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित जिला युवा महोत्सव-2025 युवाओं को अपनी रचनात्मकता, कला और ज्ञान प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

विधायक फागना ने डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज, एनआईटी-3 में जिला प्रशासन एवं नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि यह दो दिवसीय आयोजन 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं के लिए अवसरों का द्वार खोलेगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विधायक ने कहा कि 'युवा यदि संकल्प लें, तो असंभव को भी संभव बना सकते हैंइ्न उन्होंने बताया कि आज भारत के युवा अमेरिका, यूरोप, चीन जैसे देशों में वैज्ञानिक, इंजीनियर और प्रोफेशनल के रूप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और वर्ष 2047 से पहले ही आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा।

फागना ने कहा कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और निकट भविष्य में तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने फरीदाबाद के युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि जिले के युवा तकनीकी, औद्योगिक और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

युवा महोत्सव में समूह लोक नृत्य, लोक गीत, कविता लेखन, भाषण, पोस्टर मेकिंग, विज्ञान मेला और लोक वाद्य प्रतियोगिताओं ने युवाओं की सृजनशीलता को उजागर किया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर टीम भावना और सांस्कृतिक मूल्यों का परिचय दिया। इस अवसर पर आईटीआई प्रिंसिपल भगत सिंह, वुमेन आईटीआई प्रिंसिपल सतीश कुमार, डीआईपीआरओ मूर्ति दलाल, एफआईए चेयरमैन एच.एल. भूटानी, वाइस प्रिंसिपल रविंद्र पाल सहित कई गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित रहे। महोत्सव ने युवा शक्ति की रचनात्मकता और जोश का प्रतीक बनकर फरीदाबाद को गौरवान्वित किया।

सनातन हिंदू एकता पदयात्रा को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ

आनंद धाम आश्रम में बुधवार को बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की आगामी सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर एक विशेष प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस वार्ता का उद्देश्य पदयात्रा के सफल एवं अनुशासित आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा और समन्वय पर चर्चा करना रहा।

प्रेस वार्ता में श्रीमद् जगतगुरु विजय रामदेवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में, मुख्य वक्ता राजू दास महाराज (महंत हनुमानगढ़ी, अयोध्या) ने सनातन धर्म की अखंड एकता, राष्ट्र निर्माण में अध्यात्म की भूमिका और समाज में धार्मिक समरसता के महत्व पर अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म विश्व को शांति, सद्भाव और एकता का संदेश देता है, जिसे जन-जन तक पहुँचाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर महंत मुनिराज महाराज, भाजपा के वरिष्ठ नेता टिपरचंद शर्मा, पार्षद दीपक यादव, संदीप चाहर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक, सह-मीडिया प्रभारी हन्नी कुमार, आईटी प्रमुख तरुण राज शर्मा, रिंकू कौशिक और अजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि पदयात्रा के लिए सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन-प्रसाद वितरण और स्वयंसेवक प्रबंधन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अतिरिक्त निगमायुक्त ने घाटा गांव क्षेत्र का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त यश जालुका ने गुरुवार को जीएमडीए और एमसीजी के इंजीनियरों के साथ घाटा एवं आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सीवरेज और स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज की मौजूदा स्थिति का मौके पर निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीवरेज लाइनों और स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज किसी भी स्थिति में आपस में जुड़ी ना हो। दोनों के लिए अलग-अलग प्रणाली बनाने के कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए गए, ताकि ओवरफ्लो, ब्लॉकेज और जलभराव जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

अतिरिक्त आयुक्त ने जीएमडीए अधिकारियों को क्षेत्र में चल रहे सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही एमसीजी टीम को घाटा क्षेत्र में टूटे हुए सीवरेज मैनहोल की तुरंत मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ऐसी कमियों को तत्काल दूर करना जरूरी है, क्योंकि इससे जनता को असुविधा के साथ-साथ दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। निरीक्षण के दौरान जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह और पारिक गर्ग, एसडीओ सुजान सिंह तथा एमसीजी एसडीओ कुलदीप यादव उपस्थित रहे।

बदलते मौसम में बढ़ रही हृदय रोगियों की संख्या : डॉ. जैन

फरीदाबाद। यूनिवर्सल अस्पताल में आयोजित चिकित्सा संगोष्ठी के दौरान अस्पताल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेश जैन ने बताया कि बदलते मौसम में हृदय रोगियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि अचानक ठंड बढ़ने से ब्लड प्रेशर असंतुलित हो सकता है, जिससे दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. जैन ने कहा कि हृदय रोगी नियमित रूप से डॉक्टर के संपर्क में रहें और दवाएं समय पर लें। मसालेदार भोजन, शराब और तनाव से दूरी रखें तथा पर्याप्त नींद लें। उन्होंने कहा कि बीपी और मधुमेह के रोगियों को भी सावधानी रखनी चाहिए और समय-समय पर जांच कराते रहना चाहिए। थोड़ी सी सावधानी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हृदय को सुरक्षित रखा जा सकता है।

चुनाव आयोग का पुतला फूंका, वोट चोरी के आरोपों पर भड़के कांग्रेसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा में कथित वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस ने आज फरीदाबाद में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को जहां कांग्रेसियों ने नीलम चौक से बीके चौक तक कैंडल मार्च निकालकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था, वहीं बृहस्पतिवार को नाराज कांग्रेसियों ने बीके चौक पर चुनाव आयोग का पुतला फूंककर कड़ा विरोध जताया।

यह विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के अध्यक्ष बलजीत कौशिक की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने चुनाव आयोग और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बलजीत कौशिक ने कहा कि हरियाणा में जनता ने कांग्रेस की सरकार बनाई थी, लेकिन भाजपा ने वोट चोरी और साजिश के बल पर सत्ता हथिया ली। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सांसद राहुल गांधी द्वारा हरियाणा चुनावों में हुई वोट चोरी का खुलासा करने के बाद अब सच्चाई सामने आ चुकी है, परंतु चुनाव आयोग अब तक चुप है।

बलजीत कौशिक ने कहा कि जब देश का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संस्थान जनता के विश्वास से समझौता करता है, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग को इस मामले पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया है। इसी चुप्पी के विरोध में आज कांग्रेसियों ने चुनाव आयोग का पुतला फूंका।

पूर्व पार्षद व प्रदेश प्रवक्ता योगेश ढ़ीगरा ने कहा कि भाजपा ने सिर्फ हरियाणा में ही नहीं, बल्कि बिहार चुनावों में भी वोट चोरी की। इस अवसर पर एस.एल. शर्मा, अशोक रावल, मनोज अग्रवाल, विनोद कौशिक, डॉ. पराग गौतम, चुन्नू राजपूत, रियाज खान, गौरव ढ़ीगरा, अनिल शर्मा, सुमित भाटिया, इकबाल कुरैशी, उमेश कौशिक, चंचल तंवर, विकास फागना, नसीमा शेख, योगेश तंवर, जुबैर खान, देव वशिष्ठ, प्रवीन शर्मा, प्रताप शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

अंगूरी हत्याकांड: पुलिस की गिरफ्त में आरोपी प्रेमी

- लिव इन पार्टनर ने फ्लैट में हत्या करके बेड के नीचे छिपा रखी थी लाश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

यहां एक फ्लैट में युवक के साथ लिव इन में रहने वाली 26 वर्षीय युवती अंगूरी हत्याकांड में नया खुलासा हुआ है। पता चला है कि अंगूरी सात माह की गर्भवती थी। इस तरह से दो हत्याएं हुई हैं। पुलिस अब डबल मर्डर केस दर्ज करने के लिए कानूनी सलाह ले रही है। साथ ही उसके लिव इन पार्टनर की भी तलाश जारी है। अंगूरी देवी करीब डेढ़ साल से अपने पति से अलग लिव इन पार्टनर के साथ रह रही थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि 26 वर्षीय युवती अंगूरी देवी की बुधवार को डूंडाहेडा के एक मकान में बेड के नीचे लाश मिली थी। गुरुवार को इस संबंध में जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर अश्वनी कुमारी ने बताया कि मृतक महिला अंगूरी देवी के परिवार के लोग मिल गए हैं, जोकि कापसहेड़ा में रहते हैं। उन्होंने कहा कि मृतक महिला गर्भवती थी इस बारे में पुलिस डबल मर्डर केस दर्ज करने के लिए कानूनी सलाह ले रही है। युवती के कमरे पर ताला लटका हुआ था। जब लाश से बदबू आने लगी तब हत्या का खुलासा हुआ। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस परिजनों की मौजूदगी में मृतक महिला अंगूरी का पोस्टमार्टम कराएगी। पुलिस की टीम जांच पड़ताल कर रही है।

उद्योग विहार पुलिस थाना की टीम ने इस हत्याकांड को अंजाम देने के आरोपी प्रेमी को गुरुवार को उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद से काबू किया है।

गेस्ट हाउस में बॉयफ्रेंड के साथ ठहरी युवती ने फांसी लगाकर दी जान

गुरुग्राम। यहां एक गेस्ट हाउस में अपने बॉयफ्रेंड के साथ ठहरी युवती ने होटल के कमरे में ही फांसी लगाकर जान दे दी। तीन दिन पहले वह अपनी ससुराल से आई थी। वह किसी अन्य युवक के साथ अपनी शादी से नाराज थी। इसलिए उसने मौत को गले लगा लिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि युवती उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार चार नवंबर को रेलवे स्टेशन गुरुग्राम के पास एक गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के जलालपुर की रहने वाली युवती अंजलि अपने बॉयफ्रेंड कौशल के साथ रुकी थी। उसके बॉयफ्रेंड कौशल ने बताया कि अंजलि के साथ उसकी काफी पुरानी दोस्ती थी। फरवरी 2025 में अंजलि की मर्जी के खिलाफ परिवार वालों ने शादी कर दी। वह अपनी शादी से खुश नहीं थी। तीन नवंबर को अंजलि ने कौशल को कॉल करके कहा कि वह घर से बाहर आ गई है। अब वे दोनों कहीं बाहर रहेंगें। कौशल ने गुरुग्राम पुलिस को बताया कि वे तीन नवंबर की शाम को ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। वहां एक गेस्ट हाउस में रुके। कौशल ने बताया कि अंजलि काफी परेशान थी। उसने अंजलि को समझाया बहुत, लेकिन वह नहीं मानी। कौशल ने बताया कि कुछ देर बाद वह सो गया। जब नींद खुली तो देखा कि अंजलि ने फांसी लगा रखी है। कौशन ने यह जानकारी गेस्ट हाउस स्टाफ व पुलिस कंट्रोल रूम में दी। मौके पर पुलिस टीम पहुंची। गेस्ट हाउस में छानबीन करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया गया।

कूड़ाघर बनाने की अफवाहों पर मंत्री राजेश नागर का खंडन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नीमका गांव के पास कूड़ाघर बनाए जाने की अफवाहों पर प्रदेश के मंत्री एवं स्थानीय विधायक राजेश नागर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस तरह की कोई योजना न तो सरकार के स्तर पर है और न ही प्रशासन के पास इसका कोई प्रस्ताव लंबित है।

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में व्यस्त मंत्री नागर ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कुछ लोग ओछी राजनीति करने के लिए इस मुद्दे को बेवजह हवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीमका गांव या उसके आसपास कहीं भी कूड़ाघर बनाने की कोई योजना नहीं है, इसलिए लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

मंत्री नागर ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और संबंधित अधिकारियों से भी बात की है, जिन्होंने स्पष्ट किया है कि ऐसा कोई प्रस्ताव अस्तित्व में नहीं है।

राजेश नागर ने जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और ऐसे लोगों से सावधान रहें जो राजनीतिक लाभ के लिए भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि झूठी बातें फैलाकर जनता को गुमराह करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बीके अस्पताल के भीतर तक लगने लगी रेहड़ियां, मरीजों व परिजनों को हो रही परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिला के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में शुमार बीके सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम लगातार बढ़ता जा रहा है। अब अस्पताल परिसर के भीतर तक रेहड़ियों का कब्जा हो गया है। स्थिति यह है कि मुख्य द्वार से लेकर आपातकालीन विभाग (इमरजेंसी) तक आने-जाने वाले मार्ग पर रेहड़ियां और ऑटो रिक्शा चालक खुलेआम खड़े रहते हैं। इससे मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

लोगों का कहना है कि अस्पताल के गेट के भीतर तक रेहड़ियां लग जाने से पैदल चलना मुश्किल हो गया है। खासतौर पर स्ट्रेचर और व्हीलचेयर पर मरीजों को अंदर लाने में काफी दिक्कत होती है। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कोई कार्रवाई न होना स्थानीय लोगों के बीच सवाल खड़े कर रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि सुबह से शाम तक यहां सड़क किनारे फल, चाय, नाश्ते और अन्य सामान बेचने वाली रेहड़ियां लगी रहती हैं। इससे न केवल अस्पताल की व्यवस्था बिगड़ रही है बल्कि एंबुलेंस और आपातकालीन वाहनों का रास्ता भी कई बार अवरुद्ध हो जाता है। अंदर प्रवेश करने वाले मरीजों को जाम जैसी स्थिति से गुजरना पड़ता है। अस्पताल के बाहर का हाल भी अलग नहीं है। मुख्य द्वार के ठीक बाहर ऑटो चालकों ने कब्जा कर रखा है। वे अस्पताल में आने वाले हर मरीज और परिजन से सवारी के लिए बहस करते नजर आते हैं, जिससे गेट पर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार झगड़े और धक्का-मुक्की की नौबत तक आ जाती है।

स्थानीय नागरिकों और मरीजों ने जिला प्रशासन और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

18वां अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस एवं एक्सपो आज से

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

यहां हयात होटल में 18वां अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-2025 का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार से शुरू होगा। शुक्रवार 7 नवंबर से 9 नवंबर तक आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन ट्रांसपोर्ट (इंडिया) के माध्यम होने जा रहे इस कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर करेंगे। यह जानकारी शहरी आवासन मंत्रालय भारत सरकार के ओएसडी (शहरी परिवहन) जयदीप ने पत्रकार वार्ता में दी। इस अवसर पर जीएमआरएल के एमडी डॉ. चंद्र शेखर खरे, डीसी अजय कुमार, शहरी आवासन मंत्रालय भारत सरकार से निदेशक (एमआईटीएस) योगेश आंतिल उपस्थित थे।

इस आयोजन को हरियाणा सरकार एवं गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) का भी सहयोग है। आवासन मंत्रालय भारत सरकार के ओएसडी (शहरी परिवहन) जयदीप ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शहरों को नवीनतम और श्रेष्ठ शहरी परिवहन उपायों की जानकारी देना है, ताकि वे वैश्विक स्तर पर हो रहे विकास और नवाचारों से निरन्तर अपडेट रह सकें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री राव इन्द्रजीत सिंह, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि, केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, नीति निमार्ता, मेट्रो रेल कंपनियों के प्रबंध निदेशक, परिवहन उपक्रमों के प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, पेशेवर एवं शैक्षणिक जगत से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे।

शहरी विकास और गतिशीलता का संबंध पर होगा सम्मेलन: उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के इस सम्मेलन का मुख्य विषय शहरी विकास और गतिशीलता का संबंध रहेगा। यह सम्मेलन शहरी विकास की रणनीतियां और परिवहन योजना विषय पर केंद्रित रहेगा। सम्मेलन में यह बताया जाएगा कि शहरी नियोजन और परिवहन से जुड़े निर्णय कैसे एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं, जिससे आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक समानता और जनस्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ता है। यह दृष्टिकोण शहरों की चुनौतियों का समाधान इस समझ के साथ करने पर बल देता है कि शहरी विकास और गतिशीलता एक-दूसरे के पूरक हैं। गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. चंद्र शेखर खरे ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी गुरुग्राम के लिए गर्व की बात है। यह कार्यक्रम सतत शहरी विकास, स्मार्ट परिवहन समाधानों और बुनियादी ढांचे के नवाचार में राज्य की प्रगति को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम शहरी परिवहन व गतिशीलता के क्षेत्र में उभरते मुद्दों, रुझानों, नवाचारों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करके देश एवं प्रदेश की प्रगति में सहायक सिद्ध होगा।

अंतरराष्ट्रीय चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

गुरुग्राम। बंद मकानों में चोरी करने के मामले में सेक्टर-17 अपराध शाखा पुलिस ने अंतराष्ट्रीय चोर गिरोह के दो सदस्यों को काबू किया है। आरोपी त्योहारों के अवसर पर ऐसे घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे, जो घर बंद पड़े होते थे। चोरी का सामान लेकर बस से नेपाल सीमा पर जाकर सामान बेच आते थे। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों के पास से हीरे व सोने की दो अंगूठी बरामद की गई हैं। जानकारी के अनुसार सेक्टर-10 पुलिस थाना में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी। शिकायत में कहा था कि वह दिवाली के अवसर पर अपने पैतृक घर पर गया हुआ था। मकान बंद पड़ा था। चोरों ने उसके मकान का ताला तोडकर लाखों रुपये के सामान की चोरी कर ली। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू की।

दहेज हत्या मामले में चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दहेज हत्या के संगीन मामले में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिला आरोपी भी शामिल हैं। ये सभी आरोपी उस विवाहिता की मौत के जिम्मेदार बताए जा रहे हैं, जिसे दहेज की मांग पूरी न होने पर तेजाब पिलाकर प्रताड़ित किया गया था।

पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर को पीड़िता के पिता ने थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में तहरीर दी थी कि उनकी पुत्री की शादी 8 फरवरी को ललित पुत्र संजय कुमार, निवासी हर्ष विहार, दिल्ली से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति ललित, देवर हिमांशु और आशीष उर्फ आशु, सास पुष्पलता उर्फ पुष्पा और ननद पूजा ने 10 लाख रुपये के अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी।

शिकायत के अनुसार, दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने विवाहिता के साथ मारपीट की और उसे तेजाब पिलाकर प्रताड़ित किया। गंभीर हालत में पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुकदमे में धारा 80(2) बीएनएस (हत्या के तुल्य अपराध) की वृद्धि करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।

6 नवंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विजयनगर बाईपास क्षेत्र से चार आरोपियों हिमांशु (देवर) पुत्र संजय कुमार (25 वर्ष), आशीष उर्फ आशु (देवर) पुत्र संजय कुमार (27 वर्ष), पूजा (ननद) पुत्री संजय कुमार (29 वर्ष), पुष्पलता उर्फ पुष्पा (सास) उम्र 53 वर्ष निवासी डी-257बी, गली नं. 3, मडौली एक्सटेंशन, थाना हर्ष विहार, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया।

मुख्य आरोपी ललित (पति) फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग में 6.36 लाख की ठगी

गाजियाबाद। ऑनलाइन ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच नंदग्राम निवासी मुन्ना कुमार एक नए फ्रॉड का शिकार हो गए। सोशल मीडिया के जरिए संपर्क करने वाली एक महिला ने उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया और इसी बहाने उनसे करीब 6 लाख 36 हजार रुपए ठग लिए। जानकारी के अनुसार, महिला ने मुन्ना कुमार को एक व्यक्ति से मिलवाया, जिसने खुद को वित्तीय सलाहकार बताया। उसने दावा किया कि एक विशेष ऑनलाइन ग्रुप के जरिए 30 से 50 प्रतिशत तक का मुनाफा कमाया जा सकता है। शुरूआत में मुन्ना कुमार ने 10 हजार रुपए का निवेश किया। कुछ समय बाद उन्हें मुनाफे के झूठे स्क्रीनशॉट दिखाए गए, जिससे उनका विश्वास बढ़ गया।

नाले में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी, जांच जारी

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब सेक्टर-108 के नाले में एक युवती का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। सबसे भयावह बात यह रही कि शव बिना कपड़ों के था और मृतका का सिर व दोनों हथेलियां भी काटकर अलग कर दी गई थीं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार सुबह टहलने निकले एक राहगीर ने नाले के किनारे शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सेक्टर-82 में महिला की सिर-हाथ कटी लाश मिली

नोएडा। सेक्टर-82 कट पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर नाले में गुरुवार दोपहर अज्ञात महिला की नग्नावस्था में सिर-हाथ कटी लाश मिली। पुलिस को काफी खोजने के बाद भी महिला का सिर और हाथ नहीं मिला। पुलिस ने मामले का पर्दाफाश करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है। महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच होने का अनुमान लगाया जा रहा है। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकालकर सील करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तेज हवाओं से बढ़ी ठंड की दस्तक, एनसीआर की हवा हुई साफ

नोएडा। उत्तर भारत में सर्दी ने अपने कदम और तेज कर दिए हैं। राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में तापमान में गिरावट दर्ज होने लगी है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) में बड़ा सुधार दर्ज किया गया है।

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that **Divya Sethi** claims to be owner and in possession of **First Floor of C-245, Defence Colony, New Delhi (hereinafter called the said property) after death of Ranjit Sethi by virtue** of will dated 25.10.2013 regd. vide **Doc No. 1157** executed by **Ranjit Sethi** & said **Ranjit Sethi** was the owner of the said property vide Sale deed dated 31.07.2004 regd. vide doc no. Doc No. 9643 & now said **Divya Sethi** has agreed to sell the said Property to **Ravinder Singh Marwah** and said **Ravinder Singh Marwah** has agreed to create a mortgage in favour of our clients **Axis Bank Ltd., East of Kailash Branch, N.D.**, any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below **within 7 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Vishal Diwan (Advocate)
Advocates and Solicitors
Ho.No.2 (LGF), NRI Complex, N.D-19
Mobile No. 9818399999

पब्लिक नोटिस

सभी को पता है कि मेरी मुवक्किल श्री हालचंद, द्वितीय तल, सामने की ओर क्षेत्रफल 55 वर्ग गज, खसरा संख्या 112/9/1, ब्लाक-D-1, गली संख्या 4, मधु विहार, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 के मालिक है और श्री हालचंद ने श्रीमती शशि गुप्ता से जीपीए, एटीएस और वसीयत दिनांक 16.06.2025 के अनुसार खरीदा था, अब श्री हालचंद उपरोक्त संपत्ति बेचना चाहते हैं। और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार, बिक्री, बंधक आदि मान्य नहीं होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे प. पर इस प्रकाशन के 15 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉपियों को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
[illegible]

पब्लिक नोटिस

सभी को पता है कि मेरी मुवक्किल 1. श्री सिमरजीत सिंह और 2. दमनदीप सिंह, पहली मंजिल बिना छत वाली संपत्ति संख्या WZ159, क्षेत्रफल 66.2/3 वर्ग गज, खसरा संख्या 1, कृष्णा पुरी, नई दिल्ली के मालिक है और 1. श्री सिमरजीत सिंह और 2. दमनदीप सिंह ने श्री हरि गोपाल से GPA, ATS और वसल दिनांक 17.08.2023 के अनुसार खरीदी थी, अब 1. श्री सिमरजीत सिंह और 2. दमनदीप सिंह उपरोक्त संपत्ति बेचना चाहते हैं और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार, बिक्री, बंधक आदि मान्य नहीं होगा, तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे प. पर इस प्रकाशन के 15 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉपियों को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
[illegible]

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दरोपती देवी, दिल्ली के [illegible] स्थित सुभाष पार्क इलाका की आबादी में, जफ्फरपुर गाँव में स्थित, खसरा संख्या 136 में से, संपत्ति संख्या A-13493, क्षेत्रफल 60 वर्ग गज, के पूरी भाग की GPA धारक हैं। श्रीमती राजकुमारी द्वारा श्रीमती दरोपती देवी के पक्ष में दिनांक 06.10.1986 को निष्पादित नोटरीकृत GPA, ATS और वसीयत के माध्यम से, पूरी भाग, क्षेत्रफल 60 वर्ग गज, का कब्जा उनके पास है।

श्रीमती दरोपती देवी, बिक्री विलेख के माध्यम से उपर्युक्त संपत्ति का स्वामित्व मोहम्मद नईम को हस्तांतरित करना चाहती हैं। इसके बाद, मोहम्मद नईम उक्त संपत्ति को एलएनएफसी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के पास गिरवी रखने की प्रक्रिया में हैं। इस लेन-देन के संबंध में कोई भी आपत्ति या चिंता इस सार्वजनिक सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर उठाई जानी चाहिए। इस 07-दिवसीय अवधि के बाद प्रस्तुत की गई कोई भी आपत्ति उक्त संपत्ति या हमारे ग्राहक के हितों के संबंध में बाध्यकारी नहीं मानी जाएगी।

यदि कोई आपत्ति दर्ज कराना चाहता है, तो कृपया निर्धारित 07 दिनों के भीतर लॉ चैंबर्स: नॉर्थ (एडवोकेट्स एवं लीगल कंसल्टेंट्स) कार्यालय संख्या 11, प्रथम तल, बिल्डिंग संख्या ए-44/ए, सेक्टर-16, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 पर संपर्क करके ऐसा करें; टेलीफोन: +91012-04499711, ई-मेल: accounts@lvnorth.in

PUBLIC NOTICE

Re: Plot No. 24, area measuring 56.6 sq. yds., Part of Mustatil No. 101, Kila No. 19/3(1-13), 21/1(6-19), 20 min., Shark(4-0), 20 min. Garv (4-0), & Khewat/Khata No.522/714, 715, 716, 717 & Khasra No. 112, Kila No. 1/1(1-7), min. Shumal 1/1 min Janoob (1-5), 10/2(0-2), & Khewat/Khata No. 575/788-789 & Mustatil No. 101, Kila No. 22/1(1-1) & Khewat/Khata No. 45/75, situated in the Village Badkhal, Tehsil Badkhal & District Faridabad, Haryana.; hereinafter referred to as "said Property" NOTICE is hereby given to general public that our client; Mr. Saddam Hussain is intending to purchase the said property from Mr. Shamshad Ali(hereinafter referred as the "Seller"). In this connection, seller has become owner of the said property vide Regd. Sale Deed dated 28.08.2025, Doc No. 4756 executed by Mrs. Samina alias Samina Khan. Our client has informed that Original Sale Deed 26.10.2012 registered as Doc No. 13949 forming part of chain documents, and hereinafter called the "said document" has been lost/misplaced and is not traceable. A FIR to this effect has also been lodged by client with Crime Branch, Delhi vide LR No. 3329050/2025dated 06/11/2025.

If the aforesaid original document (the said document) or any one of them is found or has been found by any person, the same may be returned and delivered to the undersigned at the address mentioned herein below. Further, if any person, body, institution is having any claim and/or objection in respect of the said property, he/they may raise his/their objection/s, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice. Otherwise, after expiry of 07days from the date of publication of this notice, no objection shall be acceptable.

General Public may also take note that any deal or transaction done by anybody on the basis of the said documents or any of the said documents shall be illegal and not binding on our clients. The person doing so shall be liable to be prosecuted under the law.

SHIVKANT ARORA, ADVOCATE
FOR M/S INTELLECTIVE LAW OFFICES
A-74, LOWER GROUND FLOOR,
DEFENCE COLONY, NEW DELHI-110024

PUBLIC NOTICE

I, SHIKHA w/o Late Arun Choudhry R/o B-5/141, Yamuna Vihar, Delhi-110053 declares that I am absolute owner of aforesaid property allotted by DDA. I have applied for Freehold/conversion of aforesaid Property. This property was never Sale and Mortgage by me. There is no court case and no dispute on this property.

Equinox India Infraestate Limited

(formerly Indiabulls Infraestate Limited)
(CIN: U70102DL2007PLC157384)

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30 SEPTEMBER 2025

(₹ in Millions)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended 30 September 2025 (Unaudited)	Previous year ended 31 March 2025 (Audited)
1	Total Income from Operations	133.02	993.16
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items)	(11.32)	(1,084.50)
3	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(11.32)	(1,991.35)
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and/ or Extraordinary items)	(11.32)	(1,997.94)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(11.32)	(1,998.52)
6	Paid up Equity Share Capital	2.27	2.27
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	9,539.22	(2,268.60)
8	Securities Premium Account	16,123.92	16,123.92
9	Net Worth	9,541.48	9,580.99
10	Paid up Debt Capital / Outstanding Debt	16,942.86	13,973.87
11	Outstanding Redeemable Preference Share	-	-
12	Debt Equity Ratio*	-	-
13	Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share ₹10 each) (for continuing and discontinued operations) -		
	- Basic (Amount in ₹)	(49.77)	(8,784.37)
	- Diluted (Amount in ₹)	(49.77)	(8,784.37)
14	Capital Redemption Reserve	-	-
15	Debenture Redemption Reserve	-	-
16	Debt Service Coverage Ratio*	1.78	1.46
17	Interest Service Coverage Ratio**	-	-
18	Current ratio (In times)	1.42	1.23
19	Total debts to total assets (In times)	0.61	0.55
20	Long term debt to working capital (In times)#	0.47	-
21	Bad debt to account receivable ratio (In %)	-	-
22	Current liability ratio (In times)	0.84	1.00
23	Debtor turnover ratio (In times)	1.28	3.94
24	Inventory turnover ratio (In times)	0.01	0.13
25	Operating margin (In %)	(7.25)	(105.30)
26	Net profit margin (In %)	(8.51)	(201.17)

* Ratio can not be calculated due to negative earning available for debt service.
* Ratio can not be calculated due to negative earning available for interest service coverage

Notes :

1 The above results have been reviewed and approved by the Board of Directors ('the Board') at its meeting held on 06 November 2025.

2 The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://www.embassyindia.com/EIIL) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office:
Office no 202, 2nd Floor, A-18 Rama House, Middle Circle, Connaught Place, New Delhi- 110001.

For and on behalf of the Board of Directors

Place : **Gurugram**
Date : **06 November 2025**

Manish Riyal
Whole-time director

Embassy Developments Limited

(Formerly Equinox India Developments Limited and earlier Indiabulls Real Estate Limited)

Statement of Unaudited Consolidated Financial Results for the quarter and half year ended 30 September 2025

(₹ in millions)

Sl. No.	Particulars	3 months ended	Preceding 3 months ended	Corresponding 3 months ended	Year to date figures for current period ended	Year to date figures for previous period ended	Previous year ended
		30 Sept. 2025	30 June 2025	30 Sept. 2024	30 Sept. 2025	30 Sept. 2024	31 March 2025
		(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)
1	Total income from operations	4,931.09	6,809.19	4,754.72	11,740.28	9,653.29	21,799.25
2	Net Profit / (Loss) for the year/period (before Tax, Minority Interest and Exceptional and/or Extraordinary items)	(1,524.86)	(1,647.58)	(274.55)	(3,172.44)	(1,004.61)	553.19
3	Net (Loss) / Profit for the year/period before Tax and Minority Interest (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(1,519.86)	(1,647.58)	(274.55)	(3,167.44)	(1,004.61)	273.19
4	Net (Loss) / Profit for the year/period after Tax and Minority Interest (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(1,524.69)	(1,656.00)	(288.59)	(3,180.69)	963.75	2,029.32
5	Total Comprehensive Income for the year/period [Comprising Profit / (Loss) for the year/period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(1,508.86)	(1,656.43)	(1,463.81)	(3,165.29)	1,587.45	2,111.69
6	Earnings per Share (face value of ₹ 2/- each)						
	- Basic (Amount in ₹)	(1.12)	(1.29)	(0.54)	(2.40)	1.45	2.76
	- Diluted (Amount in ₹)	(1.12)	(1.29)	(0.54)	(2.40)	1.37	2.65
7	Paid up Equity Share Capital	2,741.26	2,730.50	1,271.74	2,741.26	1,271.74	2,443.88
8	Other equity						93,266.51

Statement of Unaudited Standalone Financial Results :

1. The above consolidated results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 06 November 2025. These financial results have been subjected to limited review by the statutory auditors of the Company.

Embassy Developments Limited

(Formerly Equinox India Developments Limited and earlier Indiabulls Real Estate Limited)

Statement of Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and half year ended 30 September 2025

(₹ in millions)

लोक संस्कृति के गहन जानकार गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रहे डीआर पुरोहित ने बेहद सधे तरीके से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में महिला की स्थिति को सामने रखा। उन्होंने नंदा राज जात से लेकर रतेली, होली, बेडा बद्दियों के स्वांग और मांगल, शगुन आखर, खुदेड, न्योली के उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा-हर क्षेत्र में महिलाओं की प्रभावपूर्ण स्थिति मौजूद रही है। दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल ने कहा कि उत्तराखंड के 25 वर्ष के सफर में महिला स्वयं सहायता समूहों के रूप में महिला विकास के लिए बेहतर कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि यूं तो पूरे देश की महिलाओं में जज्बे की कमी नहीं है, लेकिन हिमालयी क्षेत्र होने की वजह से यहां की महिलाएं और ज्यादा ताकतवर दिखती हैं। सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाने वाली पूर्व विंग कमांडर, शिक्षाविद् व उद्यमी अनुपमा जोशी ने सेना में अपने अनुभवों को दिलचस्प ढंग से पेश किया। उन्होंने शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति और उनके लिए आवश्यक प्रयासों का भी जिक्र किया।

संचालन दून विवि के प्रो. हर्ष डोभाल ने किया

प्रख्यात लोक गायक पदमश्री प्रीतम भरतवाण ने कहा कि लोक संगीत में महिलाओं की प्रभावशाली उपस्थिति हमेशा से रही है। उन्होंने अपने संबोधन के बीच-बीच में जागर-पवाडे.प्रस्तुत किए और महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की। हंस फाउंडेशन से जुड़ीं रंजना रावत ने पहाड़ में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर अपनी बात रखी। उन्होंने खास तौर पर महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित बातों को अपने व्याख्यान में उभारा। सत्र की शुरूआत में दून विश्वविद्यालय के प्रो एचसी पुरोहित ने भी अपनी बात रखी। सत्र का संचालन दून विश्वविद्यालय के प्रो हर्ष डोभाल ने किया।

डीजीपी ने 2 निरीक्षक समेत 4 पुलिस कर्मियों को 'डीजीपी डिस्क सिल्वर' मेडल से किया अलंकृत

पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी

■ कर्मचारीगणों को नैनीताल पुलिस परिवार की ओर से दी जा रही हैं शुभकामनाएं

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्तराखंड दीपम सेठ ने पुलिस लाईन देहरादून में आयोजित सम्मान समारोह में नैनीताल पुलिस के कुल 4 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सराहनीय कार्य के लिए 'डीजीपी डिस्क सिल्वर' मेडल से अलंकृत कर सम्मानित किया गया।

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ द्वारा चार पुलिसकर्मियों निरीक्षक नागरिक पुलिस हेम चन्द्र पंत, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, आरक्षी पुलिस चंदन मर्तोलिया एवं लीडिंग फायरमैन राजकुंवर सिंह को प्रशस्ति डिस्क 'सिल्वर' (सेवा के आधार पर) सम्मानित किया गया है। वहीं नैनीताल पुलिस को गौरवान्वित करने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारी गणों को नैनीताल पुलिस परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025

एक नजर

कलश यात्रा के साथ हुई मूर्ति परिक्रमा

नागल। गांव कोटा के प्राचीन महा काली मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर सुबह कलश यात्रा के साथ गांव में संपूर्ण विधि विधान के साथ मूर्ति परिक्रमा कराई गई। मंदिर पुजारी सुशील शर्मा ने बताया कि गांव के श्री विद्यापीठ महाकाली मंदिर में शुक्रवार सुबह भगवान शिव परिवार, श्री राम दरबार, श्री हनुमानजी तथा श्री भैरव जी की मूर्ति की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित कर हवन यज्ञ के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व बृहस्पतिवार को सभी मूर्तियों की पूजा अर्चना कर कलश यात्रा के साथ गांव के मार्गों से परिक्रमा कराई गई है और सभी श्रद्धालु ने नमन करते हुए प्रसाद ग्रहण किया है। इस दौरान मनीष अग्रवाल, विकास गुप्ता, विनीत राणा, कुलदीप राणा, राजकुमार राणा ,संदीप प्रधान , नीतिश शर्मा, मेनपाल, महिपाल स्वामी, जितेश धीमान, अरुण धीमान, जितेंद्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

दो बाइक टकराई, चार घायल, दो की हालत गंभीर

नागल। गागलहेड़ी स्टेट हाईवे पर गांव खजूरवाला के निकट छोटा हाथी का दरवाजा खुलने से दो बाइक सवार दंपत्ति टकराकर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां दो की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना देहात कोतवाली के गांव नंदी फिरोजपुर निवासी जसवीर अपनी पत्नी शालू के साथ किसी काम के लिए नांगल कस्बे में आये थे जब वह वापस लौट रहे थे तो गांव खजूरवाला के निकट सड़क किनारे खड़े एक छोटा हाथी के चालक ने ड्राइवर साइड की खिड़की खोल दी जिस कारण उनकी बाइक छोटा हाथी से टकरा गयी दोनों घायल हो गये। इस दौरान पीछे से आ रहे गांव बसेड़ा निवासी विकास तथा उसकी पत्नी मीनाक्षी की बाइक जसबीर की बाइक से टकरा गयी जिससे वह दोनों घायल भी हो गये। थाना प्रभारी राजकुमार चौहान ने बताया कि तहरीर आने पर छोटा हाथी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच जारी

सहारनपुर। गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव कैलाशपुर के जंगल में एक आम के बाग में पेड़.पर एक युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल शुरू कर दी। ानकारी के मुताबिक गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव कैलाशपुर के जंगल में आम के बाग में एक 22 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी और मौके पर ग्रामीणों की भीड़.इकट्ठा हो गयी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची गागलहेड़ी पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जाँच पड़ताल कर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना प्रभारी प्रवेश वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जो तथ्य सामने आयेंगे उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व सांसद ने किया मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ

नकुड़। उत्तम शुगर मिल शेरमऊ इकाई की पेराई सत्र का शुभारंभ पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने विधि विधान के साथ मिल के अधिकारियों और किसानों के साथ किया। इस अवसर पर शुगर मिल के ई.डी एस.एल शर्मा, महा प्रबंधक सुविन्दर सिंह ने यज्ञ व पूजा अर्चना कर नये सत्र की सफलता की कामना कर गन्ना किसानों से सहयोग की अपेक्षा की। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने मिल नारियल फोड़कर व गन्ना डालकर मिल का औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम में संजय चौधरी, माँगेराम, जी एम केन पी.के राठी,अश्वनी त्यागी, अरविंद कुमार, आदि उपस्थित रहे।

पाइप लाइन में लीकेज से हुई परेशानी

शामली। शहर के झिंझाना रोड पर काम के दौरान पानी की पाइप लाइन लीकेज होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। सूचना पर नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा लीकेज को ठीक कर वहां मरम्मत कार्य शुरू कराया। जानकारी के अनुसार शहर के झिंझाना रोड पर इन दिनों गैस पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। गुरुवार को कंपनी के कर्मचारियों द्वारा अपने पाइंट पर काम किया जा रहा था, इसी दौरान पानी की एक पाइप लाइन लीकेज हो गयी जिस कारण वहां पानी भरने लगा। पानी भरता देखकर वहां मौजूद लोगों ने नगर पालिका को मामले से अवगत कराया जिस पर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा लीकेज की समस्या को दूर करते हुए वहां मरम्मत कार्य कराया।

दो गुटों में फायरिंग, पुलिस ने दो हमलावरों को दबोचा

- अवैध हथियार बरामद, फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिशें जारी

पायनियर समाचार सेवा। खतौली

खतौली थाना क्षेत्र के ग्राम भूड़ में बुधवार देर रात दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते लाठी-डंडे चले और गोलियां चलने लगीं। अचानक हुई फायरिंग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही थाना खतौली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के दो आरोपियों को अवैध असलहों समेत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रोहित पुत्र निर्भय, निवासी मोहल्ला अद्वैत विहार, खतौली तथा अंकुर पुत्र दिनेश, निवासी मोहल्ला गीतापुरी, भूड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, दो खोखा कारतूस और एक मिस कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि यह घटना आपसी पुरानी रंजिश के चलते हुई। फायरिंग के दौरान कई लोग घायल हुए, जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं अन्य आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। उनकी तलाश में पुलिस ने विशेष टीम गठित कर दबिशें शुरू कर दी हैं। घटना स्थल पर पहुंची टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र, उप निरीक्षक तेजवीर सिंह, प्रताप सिंह सोलंकी, नंदकिशोर शर्मा, राजवीर तेवतिया, आकाश शर्मा, आरिफ अली, धर्मेंद्र श्यौराण और हैड कॉन्स्टेबल धनेश कुमार शामिल रहे। कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। फायरिंग में किसी के घायल होने की गंभीर सूचना नहीं है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें जारी हैं।

एलडीपीएस ने ताइक्वांडो में मारी बाजी, जीते पांच स्वर्ण

पायनियर समाचार सेवा। खतौली

लाल दयाल पब्लिक स्कूल, खतौली के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्तराखंड ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए और विद्यालय के साथ-साथ खतौली क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। यह प्रतियोगिता केएफसी कॉटेज, धनोल्टी (उत्तराखंड) में आयोजित हुई थी। विद्यालय के ताइक्वांडो कोच फुरकान के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में उदय मौतला (80 किग्रा वर्ग), आलोक सिंह (50 किग्रा वर्ग), सिद्धार्थ सिंह (40 किग्रा वर्ग), केशव (86 किग्रा वर्ग) और अभिनव चोकर (50 किग्रा वर्ग) ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का परचम लहराया। विजयी खिलाड़ियों का सम्मान विद्यालय प्रांगण में आयोजित विशेष समारोह में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन कर्मवीर सिंह ने सभी विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पूर्व विधायक राना का बेटा आहद गिरफ्तार

- जेल में पिता तक मोबाइल पहुंचाने का आरोप, कोर्ट से वारंट लेकर पुलिस ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

नई मंडी पुलिस ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना के छोटे बेटे अब्दुल आहद राना को जेल में रहते पिता तक मोबाइल पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आहद को आरोपी बनाते हुए कोर्ट से गैर-जमानती वारंट हासिल किया था। गुरूवार दोपहर आहद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पूर्व विधायक शाहनवाज राना को राना स्टील पर छापे के दौरान जीएसटी टीम पर हमले के आरोप में जेल जाना पड़ा था। इसके बाद उन पर धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई हुई। जेल प्रशासन ने राना के कब्जे से मोबाइल बरामद किया था और इसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। मोबाइल से प्राप्त सिम पर पूर्व विधायक गाजी ने अपने नौकर की आईडी का इस्तेमाल किया था, जिससे गाजी को जेल भेजा गया था।पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि जांच में यह पाया गया कि आहद ने मोबाइल अपने पिता तक पहुंचाया। इसी आधार पर पुलिस ने बुधवार देर रात चैकिंग के दौरान आहद राना को गिरफ्तार किया।

चार दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

खतौली। खतौली क्षेत्र के ग्राम भैसी में चार दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल महिला ने गुरुवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और घर में मातम छा गया। ग्राम भैसी निवासी पप्पू अपनी पत्नी अनिता के साथ चार दिन पहले किसी कार्य से साइकिल द्वारा नेशनल हाइवे पर गया था। बताया गया कि जब दोनों पति-पत्नी साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। वहां डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। चार दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद गुरुवार को अनिता ने उपचार के दौरान अंतिम सांस ली।

नींद की झपकी बनी मौत का सबब

- डंपर से टकराई कार, दो की मौत, नौ घायल
- हिमाचल जा रहे नेपाली मजदूरों की कार फुगाना क्षेत्र में हुई हादसे का शिकार, पुलिस ने डंपर कब्जे में लिया

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

फुगाना क्षेत्र में मेरठझकरनाल मार्ग पर गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नींद की झपकी के कारण एक कार आगे जा रहे डंपर के पिछले हिस्से से जा टकराई, जिससे कार में सवार बालक समेत दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, कार में नेपाल के 11 लोग सवार थे जो हिमाचल प्रदेश की ओर जा रहे थे। रास्ते में फुगाना क्षेत्र में कार चालक गोपाल निवासी शिमला, हिमाचल प्रदेश को अचानक नींद की झपकी आ गई। नियंत्रण खोने के बाद कार आगे चल रहे डंपर में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर फुगाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।पुलिस उपाधीक्षक फुगाना रूपाली राव ने बताया कि हादसे में चालक गोपाल और बालक अनमोल पुत्र विनोद की मौत हो गई, जबकि पुष्पा पुत्री गोपाल, विजय पुत्र वेज बहादुर, चन्दना पत्नी विनोद, नेत्रा पुत्र नीलाघर, सन्तराम पुत्र श्री कृष्ण, प्रवीन पुत्र प्रभु नारायण, प्रवेश पुत्र तेगबहादुर सहित दो अन्य घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का शातिर सदस्य गिरफ्तार

- आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 11 बाइकें, पाटर्स व नंबर प्लेट की बरामद
- सिम्भालका अंडरपास के निकट चेकिंग के दौरान पकड में आया गिरोह का सदस्य

पायनियर समाचार सेवा। शामली

शहर कोतवाली पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर चोरी की 11 बाइकें, पाटर्स व नंबर प्लेट बरामद की है। पुलिस अब वाहनों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

गुरुवार को कोतवाली में आयोजित प्रेसवार्ता में एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बतया कि एसपी के निर्देश पर जनपद में वाहन चोरों व संदिग्धों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस सिम्भालका अंडरपास के निकट चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान पुलिस को बाइक सवार एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया, पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा, पुलिस ने पीछा कर युवक को पकड लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि उक्त बाइक चोरी की है।

सख्ती से पूछताछ पर आरोपित ने अपना नाम अमित पुत्र सुरेशपाल निवासी गांव कांजरहेडी थाना बाबरी बताया। आरोपित ने खेडीकरमू जाने वाले रास्ते पर झाडियों व पेडों के नीचे छिपाकर रखी गयी चोरी की 10 अन्य बाइकें, पाटर्स व नंबर प्लेट भी बरामद कराई।एएसपी ने बताया कि पूछताछ में चोर ने बताया कि वह और उसका साथी अरूण पुत्र राकेश निवासी खेडागदई थानाभवन अपना दैनिक खर्च निकालने के लिए बाइक चोरी करते हैं तथा उन्हें फिर सस्ते दामों पर बेच देते हैं।

एएसपी ने बताया कि आरोपित के पास से बरामद 5 बाइकों के संबंध में शहर कोतवाली, बाबरी तथा झिंझाना थाने पर मुकदमें दर्ज हैं जबकि अन्य के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। इस मौके पर सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सचिन शर्मा भी मौजूद रहे।

छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाला युवक गिरफ्तार

शामली। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सक्रिय शक्ति मोबाइल टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो स्कूल-कॉलेज आने-जाने वाली छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कस रहा था।

पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर की निगरानी में शक्ति मोबाइल टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम को सूचना मिली कि ग्राम लिलौन में एक युवक स्कूल-कॉलेज जाने वाली लड़कियों पर फब्तियां कस रहा है। मौके पर पहुंची टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल पुत्र लोकेन्द्र निवासी ग्राम खेड़ीकरमू थाना कोतवाली शामली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ महिला थाना शामली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

छात्राओं को सिखाए आत्म सुरक्षा के गुण

- पुरुषों से आगे निकल कर हर क्षेत्र एवं सभी दिशा में काम कर रही है नारियां

पायनियर समाचार सेवा। नागल

गांव कोटा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत छात्राओं को आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। मिशन शक्ति एवं प्रशिक्षण प्रभारी डॉक्टर संतोष चौधरी ने छात्राओं को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन समय में हमेशा धैर्य रखना चाहिये। इसके साथ ही उत्पीड़न सहन न करके बल्कि उसका मुकाबला करना चाहिये। उन्होंने कहा कि आज नारी पुरुषों से आगे निकल कर हर क्षेत्र एवं सभी दिशा में अग्रणी बनकर भारत निर्माण में अपना सहयोग दे रही है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. पूनम यादव, डॉ यामिनी पांडे, डॉ कल्पना राव, डॉक्टर वर्तिका ढील्लन, इस्तखार आदि मौजूद रहे।

सहारनपुर रामलीला कलाकारों के लिए भवन निर्माण का भूमि पूजन

महापौर और विधायक ने रखी आधार शिला

पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर

नगर निगम महापौर डा. अजय सिंह ने वार्ड 41 के पार्षद संजय सैनी के प्रयासों से लेबर कॉलोनी के ग्राउंड में रामलीला कलाकारों के लिए भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। इस भवन के निर्माण पर 13 लाख रुपये की लागत आएगी और इसमें दो बड़े हॉल बनाए जाएंगे, जहां रामलीला कलाकार अभ्यास कर सकेंगे। भूमि पूजन के अवसर पर महापौर डा. अजय सिंह ने कहा कि पार्षद संजय सैनी काफी समय से इसके लिए प्रयासरत थे और आज उनके प्रयासों का फल मिला है। उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से रामलीला कलाकारों को सुविधाजनक तरीके से अभ्यास करने का अवसर मिलेगा।सदर विधायक राजीव गुम्बर ने इस निर्माण कार्य के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह भवन रामलीला कलाकारों के लिए वरदान साबित होगा। वार्ड 41 के पार्षद संजय सैनी ने महापौर डा. अजय सिंह की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि उनके प्रयासों से ही यह भवन बन पा रहा है। भूमि पूजन के अवसर पर सैंकड़ों लोग मौजूद रहे जिन्होंने महापौर और सदर विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर दिनेश शारदा, कल्याण सिंह रावत, मानवीय कल्याण समिति अध्यक्ष राज कुमार त्यागी, पार्षद ईशम सिंह, सतीश त्यागी, अरविंद गोयल, गोरा सैनी, गाबा जी, पारस, पवन, राहुल शर्मा, सतीश रावत, रमा शंकर सिंह, प्रकाश पांडे, अनिल सैनी, चिंटू त्यागी आदि मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने नगर निगम के इस पहल पर खुशी जताते हुए आशा व्यक्त की कि इस भवन के निर्माण से रामलीला कलाकारों को सहूलियत मिलेगी और आसपास के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।

सिविल डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

सहारनपुर। आई.एम.ए सहारनपुर के तत्वावधान में महाराज सिंह डिग्री कॉलेज, सहारनपुर के सभागार में सिविल डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईएमए के चिकित्सकों द्वारा आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा एवं राहत कार्यों के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने मानव शरीर की संरचना, प्राथमिक उपचार, रोगी का मूल्यांकन, बड़े हादसे की स्थिति में ट्राइएज प्रक्रिया, सीपीआर तकनीक, घायलों की ड्रेसिंग तथा उन्हें सुरक्षित रूप से अस्पताल तक पहुंचाने के तरीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिए। मुख्य वक्ता एवं ट्रेनर के रूप में डॉ. रविकांत निरंकारी, डॉ. शैलजा चटर्जी, डॉ. सुशांत शर्मा, डॉ. रजनीश सिंघल, डॉ. अभिषेक एवं डॉ. गिरीश डंग शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों और स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सही व त्वरित प्राथमिक उपचार देने के लिए प्रशिक्षित करना था।

संदिग्ध परिस्थितियों में रुई फैक्टरी में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। शामली

गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव ओदरी स्थित एक रुई की बत्ती बनाने वाली एक फैक्टरी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हडकंप मच गया। आग की सूचना पर सैंकडों महिलाओं व पुरुषों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे, बाद में मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना में लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव ओदरी में रुई की बत्ती बनाने की फैक्टरी है। फैक्टरी में गांव की महिलाएं व पुरुष भी करते हैं। बताया जाता है कि बत्ती बनाने के लिए फैक्टरी में काफी मात्रा में रुई रखी हुई थी। गुरुवार की सुबह फैक्टरी में रखी गयी रुई में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी जो देखते ही देखते फैल गयी, आग लगने से वहां काम कर रहे कर्मचारियों में भी हडकंप मच गया। सूचना पर गांव के ग्रामीण व महिलाओं ने बाल्टियों में पानी भरकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे। फैक्टरी मालिक गौरव संगल की सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची तथा किसी तरह आग पर काबू पाया। गौरव संगल ने बताया कि उन्हें फैक्ट्री में आग लगने की जानकारी मिली थी, आग से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

चलती बाइक से गिरा होमगार्ड, मौके पर मौत, परिवार में कोहराम

शामली। सीडीओ आवास पर तैनात एक होमगार्ड की दिल का दौरा पडने से दुखद मौत हो गयी। घटना के वक्त होमगार्ड घर से बाइक पर सवार होकर निकला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। होमगार्ड की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव टिटौली निवासी 45 वर्षीय प्रमोद कश्यप सीडीओ आवास पर होमगार्ड के पद पर तैनात था। गुरुवार की सुबह प्रमोद अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए बाइक पर सवार होकर घर से निकला था लेकिन घर से थोडी दूर जाने पर अचानक से वह चलती बाइक से नीचे जा गिरा, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हडकंप मच गया। गांव वाले प्रमोद को लेकर तुरंत उसके घर पहुंचे तथा गांव के ही चिकित्सक को मौके पर बुलाया लेकिन इससे पहले ही प्रमोद ने दम तोड़ दिया।

योगी ने प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे से पहले तैयारियों की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु और व्यवस्थित रहें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्टेशन पर साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात नवंबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। अगले दिन, आठ नवंबर को वह बनारस रेलवे स्टेशन से वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत और तीन अन्य ट्रेन की शुरुआत करेंगे। पीआईबी के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी अपनी दो दिवसीय वाराणसी यात्रा के दौरान आठ नवंबर को सुबह लगभग 8:15 बजे चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत इस मार्ग पर सीधा संपर्क स्थापित करेगी और वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग दो घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। बयान में कहा गया है कि बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। इस संपर्क से न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि तीर्थयात्रियों और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक एक तेज़, आधुनिक और आरामदायक यात्रा भी मिलेगी। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत यह यात्रा लगभग सात घंटे 45 मिनट में पूरी करेगी, जिससे यात्रा समय में लगभग एक घंटे की बचत होगी। बयान के अनुसार, लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस से लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को बहुत लाभ होगा, साथ ही रुड़की के रास्ते पवित्र शहर हरिद्वार तक पहुँच में भी सुधार होगा।

बयान में आगे कहा गया है कि फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत इस मार्ग पर सबसे तेज़ ट्रेन होगी, जो यह यात्रा केवल छह घंटे 40 मिनट में पूरी करेगी। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस राष्ट्रीय राजधानी और पंजाब के प्रमुख शहरों, जिनमें फिरोजपुर, बठिंडा और पटियाला शामिल हैं, के बीच संपर्क को मजबूत करेगी। दक्षिण भारत में, एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत यात्रा के समय को दो घंटे से अधिक कम कर देगी, जिससे यह यात्रा आठ घंटे 40 मिनट में पूरी हो जाएगी। एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस प्रमुख आईटी और वाणिज्यिक केन्द्रों को जोड़ेगी, जिससे पेशेवरों, छात्रों और पर्यटकों को तेज और अधिक आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा।

सीएम ने श्रीकाशी विश्वनाथ और काल भैरव के किए दर्शन

❖ सतुआ बाबा आश्रम में संतों से की भेंट, क्रूज से गंगा तटों पर जलते दीपों के भव्य दृश्य का किया अवलोकन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी प्रवास के दूसरे दिन गुरुवार की सुबह बाबा काल भैरव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने शहर के कोतवाल माने जाने वाले भगवान काल भैरव का विधिवत दर्शन-पूजन किया। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री सीधे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने षोडशोपचार विधि से बाबा विश्वनाथ का पूजन-अर्चन किया और देश एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, कल्याण तथा शांति की कामना की। पूजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ ने 'हर हर महादेव' के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। मुख्यमंत्री ने विधिवत अभिषेक के बाद गर्भगृह में विशेष पूजा संपन्न की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआ बाबा आश्रम पहुंचे। वहां उन्होंने आश्रम परिसर स्थित शिव मंदिर में दर्शन-पूजन किया और सतुआ बाबा के शिष्य महंत संतोष दास जी महाराज से भेंट की। मुख्यमंत्री ने संतों का आशीर्वाद लिया और वाराणसी सहित पूरे प्रदेश में शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव तथा सुशील सिंह भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बुधवार की शाम वाराणसी पहुंचे थे। आगमन के बाद उन्होंने नमो घाट पर दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने क्रूज से गंगा तटों पर जलते दीपों के मनमोहक और भव्य दृश्य का अवलोकन किया। देव दीपावली के अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी आज आस्था, संस्कृति और अध्यात्म का जीवंत प्रतीक बन चुकी है।

भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहन ही परिवहन का मुख्य आधार साबित होंगेः दयाशंकर

❖ इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीद पर पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स पर ग्राहकों को अक्टूबर 27 तक मिलेगी शत-प्रतिशत छूट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के प्रयासों से प्रदेश में जीवाश्म ईंधन से संचालित वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में परिवहन विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है

इस संबंध में जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन प्रणाली की स्थायी एवं स्वच्छ गतिशीलता बनाये रखने के लिए इलेक्ट्रानिक वाहनों के खरीद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूपी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 प्रख्यापित की गयी। दयाशंकर सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की बैठक में उक्त नीति में संशोधन किया गया है। संशोधन के फलस्वरूप नीति के चौथे एवं पांचवे वर्ष में यूपी में खरीदे गये एवं पंजीकृत केवल शुद्ध विद्युत वाहन के पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में शत प्रतिशत छूट एवं सब्सिडी प्रोत्साहन योजना का प्रावधान किया गया हैजिसके अंतर्गत 5 नवम्बर को जारी अधिसूचना के तहत उप्र इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण नीति-2022 के अधीन 14 अक्टूबर, 2025 से 13 अक्टूबर, 2027 के मध्य खरीदे गये।

डिजिटल इंडिया को दर्शाएगा साइंस पार्क

❖ करीब डेढ़ साल बाद खगोल शास्त्र और आधुनिक विज्ञान से रूबरू हो सकेंगे छात्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/आगरा

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि आगरा का साइंस पार्क प्रदेश का तीसरा उच्च सुविधा युक्त पार्क होगा, जहां छात्र-छात्राएं और आमजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीकों से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अब प्रदेश के हर मंडल मुख्यालय पर साइंस पार्क की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने बताया कि यह साइंस पार्क आधुनिक युग की तीन प्रमुख तकनीकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस, और साइबर सुरक्षा पर केंद्रित होगा।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और केंद्रीय राज्य मंत्री (सांसद) प्रो. एसपी सिंह बघेल ने गुरुवार संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं हवन कर 39.62 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले साइंस पार्क व नक्षत्रशाला की नींव रखी गई। लखनऊ और गोरखपुर के बाद अब ताज नगरी आगरा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त साइंस पार्क और नक्षत्रशाला की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ ही पार्क में प्राचीन भारतीय विज्ञान गैलरी, फन विध फाइन गैलरी, गणित, चिकित्सा और इंजीनियरिंग में भारत की विरासत प्रदर्शनियां भी स्थापित की जाएंगी। ये गैलरी एनसीईआरटी और सीबीएससी पाठ्यक्रम के प्रयोगों को थीम आधारित रूप में प्रस्तुत करेंगी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जब वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे, तभी इस परियोजना की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की गई थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहमति के बाद कैबिनेट में प्रस्ताव पारित हुआ और बेसिक शिक्षा विभाग की भूमि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा को सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक दृष्टि से समृद्ध शहर के रूप में विकसित करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आगरा में छत्रपति शिवाजी स्मारक भी स्थापित होगा, जो धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र बनेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि नक्षत्रशाला के निर्माण से छात्रों को खगोलशास्त्र के रहस्यों को समझने का अवसर मिलेगा। यह न केवल शिक्षा बल्कि शैक्षिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगा।

सुरक्षा, सम्मान व सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः एके शर्मा

❖ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने मऊ भ्रमण के दौरान विद्युत कर्मियों को सौंपे सुरक्षा उपकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार अपने मऊ प्रवास के दौरान बहुउद्देशीय मंगलम भवन में आयोजित कार्यक्रम में विद्युत विभाग के कर्मियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्युतकर्मी प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री शर्मा ने कर्मियों को सुरक्षा हेलमेट, दस्ताने, बेल्ट, जूते आदि उपकरण सौंपते हुए कहा कि 'आपकी सुरक्षा ही आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जब आप सुरक्षित रहेंगे तभी प्रदेश रोशन रहेगा।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में ऊर्जा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। शर्मा ने कहा कि ऊर्जा विभाग केवल बिजली आपूर्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का एक मिशन है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्य के प्रति निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी से प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। उपस्थित कर्मियों से संवाद करते हुए शर्मा ने कहा कि कार्य के प्रति समर्पण ही आपकी पहचान है। आप सभी सुरक्षित और अनुशासित होकर सेवा भाव से कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग में कार्य करना केवल नौकरी ही नहीं बल्कि जन सेवा का माध्यम है।

संभल जामा मस्जिद बनाम हरिहरनाथ मंदिर मामला

सुनवाई तीन दिसंबर तक के लिए स्थगित

पायनियर संवाददाता। लखनऊ

संभल संभल जिले की एक स्थानीय अदालत ने बृहस्पतिवार को यहां की जामा मस्जिद बनाम हरिहरनाथ मंदिर मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय द्वारा कार्यवाही पर रोक लगाए जाने के कारण तीन दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। एक अधिवक्ता ने बताया कि यह मामला शाही जामा मस्जिद पर हरिहरनाथ मंदिर के दावों से संबंधित है। मुस्लिम पक्ष ने इससे पहले मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के लिए निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया था।

उच्च न्यायालय ने 19 मई को निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा और निचली अदालत को मामले की सुनवाई जारी रखने का निर्देश दिया। हालांकि, दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) आदित्य सिंह की निचली अदालत ने शीर्ष अदालत में स्थगन के चलते कार्यवाही स्थगित कर दी और सुनवाई की अगली तारीख तीन दिसंबर तय की। मस्जिद पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता शकील अहमद वारसी ने कहा कि मामले की सुनवाई सात नवंबर को उच्चतम न्यायालय में सूचीबद्ध की गई है। उन्होंने कहा, "अपील शीर्ष अदालत में लंबित है, इसलिए निचली अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख तीन दिसंबर तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता गोपाल शर्मा ने कहा कि निचली अदालत ने कार्यवाही पर उच्चतम न्यायालय के स्थगन के मद्देनजर सुनवाई स्थगित करने का फैसला किया है। पिछले साल 19 नवंबर को, हिंदू पक्ष ने, जिसका प्रतिनिधित्व वकील हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने अन्य लोगों के साथ किया था, जिला अदालत में एक याचिका दायर की थी जिसमें दावा किया गया था कि शाही जामा मस्जिद परिसर हरिहर मंदिर का स्थल है। इसके बाद अदालत ने 19 नवंबर, 2024 और फिर 24 नवंबर, 2024 को मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। 24 नवंबर के सर्वेक्षण के दौरान, संभल में हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप चार लोगों की मौत हो गई और 29 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने तब समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क और मस्जिद समिति के अध्यक्ष जफर अली के साथ-साथ 2,750 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

बीईओ कार्यालय को कुर्क करने का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बलिया की एक स्थानीय अदालत ने एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के तीन कर्मचारियों को उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के 41 साल पुराने आदेश का अनुपालन न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय को कुर्क करने का आदेश दिया है। शासकीय अधिवक्ता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है।

बेसिक शिक्षा विभाग के शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय, दौलतपुर के तीन कर्मचारियों सच्चिदानंद, सौदागर यादव व राजनारायण राय को बकाया वेतन की राशि का भुगतान करने के मामले में उच्चतम न्यायालय ने गत 26 नवंबर 1984 को 12 लाख 39 हजार 342 रुपये और 55 पैसे के भुगतान का आदेश दिया था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के गत 26 नवंबर 1984 के आदेश के अनुपालन में जब भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारियों की तरफ से अतिरिक्त दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) की अदालत में पारित डिक्री के कार्यान्वयन के लिए निष्पादन वाद संख्या 05 / 1996 सच्चिदानंद बनाम प्रबन्ध समिति आदि दाखिल किया गया। न्यायालय ने गत एक अक्टूबर, 2005 को उक्त राशि को कुर्क करने का आदेश दिया। इसके बाद छह दिसंबर, 2024 को कार्यवाही के दौरान, अदालत ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के बैंक खाते (खाता संख्या 2205) से लेनदेन पर भी रोक लगा दी। सिंह ने बताया कि इस वर्ष तीन नवंबर को हुई नवीनतम सुनवाई के दौरान, अपर दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) संजय कुमार गौड़ ने पाया कि अदालत के अक्टूबर 2005 के आदेश के अनुपालन में अभी तक कोई राशि कुर्क नहीं की गई है। इसे 'अत्यंत आपत्तिजनक' बताते हुए न्यायाधीश ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय "अदालत को बार-बार गुमराह कर रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत याचिका को खारिज करते हुए, अदालत ने 'न्याय के हित में' डिक्रीधारक के वकील द्वारा दायर याचिका स्वीकार कर ली और बीईओ के कार्यालय को कुर्क करने का आदेश दिया।

युवक-युवतियों व कृषकों को दिया जा रहा खाद्य प्रसंस्करण में प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

❖ प्रशिक्षित लोग अपनी यूनिट लगाकर उठाएं अनुदान व अन्य सुविधाओं का लाभ

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिलों में स्थापित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्रों एवं सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा जिलों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रशिक्षण कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। इन केन्द्रो पर युवक,युवतियों व कृषकों खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र प्रशिक्षण दिया जाता है।

उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम मे विभाग द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह प्रभावी कार्ययोजना व रूपरेखा तैयार कर इच्छित नवयुवकों, नवयुवतियों व किसानों को बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कार्यों की लगातार निगरानी भी जाय और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ने के प्रभावी प्रयास किए जाएं।प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थी फूड प्रोसेसिंग का कार्य कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे, प्रशिक्षित लोग अपनी यूनिट लगाकर अनुदान व अन्य सुविधाओं का लाभ भी ले सकेंगे। विभाग द्वारा आगरा, अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, कानपुर, झांसी, प्रयागराज ,वाराणसी, अयोध्या व गोरखपुर के राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्रो के प्रधानाचार्यो, मिर्जापुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, सहारनपुर व चित्रकूट धाम के खाद्य प्रसंस्करण अधिकारियों तथा फल संरक्षण अधिकारी लखनऊ को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप निर्धारित रोष्टर के अनुरूप समय से प्रशिक्षण पूरा करायें।

छापेमारी के दौरान छत से धक्का दिए जाने से दलित की मौत, दो पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज

लखनऊ। शाहजहांपुर में छापेमारी के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा कथित तौर पर 55 वर्षीय दलित व्यक्ति को छत से धक्का दिए जाने के बाद उसकी मौत होने के मामले में एक उपनिरीक्षक (दरोगा) और एक अन्य पुलिसकर्मी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना जिले के तिलहर थाना क्षेत्र के मौजमपुर गांव में मंगलवार देर रात हुई थी, जहां पुलिस सत्यभान (55) के घर उसके बेटे अभिषेक को गिरफ्तार करने पहुंची थी। अभिषेक हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी है। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया, परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया और छापेमारी के दौरान सत्यभान को छत से धक्का दे दिया। सूत्रों के मुताबिक गंभीर रूप से घायल सत्यभान को पहले तिलहर अस्पताल ले जाया गया और बाद में शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां बुधवार तड़के उसकी मौत हो गई।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों और मतदाताओं से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि एसआईआर के दौरान कहीं से भी गड़बड़ी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुरुवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर रहे थे। समीक्षा में यह पाया गया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा राजनैतिक दलों के साथ बैठक करके उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया और आयोग के निर्देशों की जानकारी दे दी गई है। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से बूथ लेबल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध भी किया गया है, जो पुनरीक्षण कार्यों में बीएलओ का सहयोग करेंगे। समीक्षा में यह पाया गया कि सभी जिलों द्वारा गणना प्रपत्र की छपाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वितरण में धीमी प्रगति वाले जिलों को वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलों को निर्देशित किया गया कि अपने बूथ लेवल अधिकारी को यह निर्देश जारी कर दें कि वे बीएलओ ऐप का एडवांस वर्जन 8.7 प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें तथा जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किया जा रहा है उनको बीएलओ ऐप पर मार्क करते रहें, जिससे कि वितरण की प्रगति ऑनलाइन अपडेट हो सके। जिन मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में शामिल है उनकी वर्तमान मतदाता सूची से मैपिंग के कार्य को अगले तीन दिनों के भीतर पूर्ण किए जाने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत 'बुक ए कॉल विद बीएलओ' की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अन्तर्गत कोई भी मतदाता पोर्टल के माध्यम से बुक ए कॉल की सुविधा के अन्तर्गत अपने बीएलओ से बात करने की रिक्वेस्ट डाल सकता है। जिसे बीएलओ को अगले 48 घंटों के भीतर आवेदक से सम्पर्क कर निस्तारण करना है।

'बुक ए कॉल' सुविधा का वोटर हेल्पलाइन 1950 की ही भांति प्रचार-प्रसार करते हुए क्रियाशील रखने के निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सम्पर्क केन्द्र की भांति विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान सभी जनपदों में जिला सम्पर्क केन्द्रों का संचालन कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। इन केन्दों पर प्राप्त होने वाले सभी कॉल्स को दर्ज कर मतदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा। जिला सम्पर्क केन्द्रों का संचालन सभी कार्य दिवसों में किया जायेगा। किसी भी जनपद के जिला सम्पर्क केन्द्र में कॉल करने के लिए उस जनपद के एसटीडी कोड के साथ 1950 डायल करना होगा।

इसका समुचित प्रचार-प्रसार कराये जाने का निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान दिन-प्रतिदिन की प्रगति को मीडिया के साथ साझा किया जाए तथा अपने सोशल मीडिया हैण्डल्स से भी इसको प्रसारित किया जाए।

वन क्षेत्र पर अवैध कब्जा

भूमाफ़िया और डेरी मालिक ने मिलकर किया बड़ा खेला

पायनियर संवाददाता। गोला, खीरी

जहां एक ओर सीएम योगी जो कि माफियाओं की जमीन को छीनकर गरीबों हेतु व उस पर सरकारी विल्डिंग बना रहे हैं, लेकिन गोला वन विभाग क्षेत्र के अंतर्गत रजानगर पूर्वी बीट के अंतर्गत रजागंज कस्बे के निकट गोला लखीमपुर हाइवे दक्षिण को ओर एक बड़ी दूध डेरी का निर्माण मानकों को दर किनार कर के किया जा रहा है।

इतना ही नहीं गोला वन विभाग के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र के किनारे विगत लगभग एक वर्ष पूर्व बृहद वृक्षारोपण कराया गया था जिसमे कई दर्जनों पेड़ सक्षम वन विभाग की अगुवाई में रोपे गये थे और वृक्षारोपण के पश्चात उनकी सुरक्षा के चलते चारों तरफ कटीले तारो की बाड भी लगाई थी और वन विभाग के द्वारा एक सरकारी बोर्ड भी लगाया था जिसमें वन के कर्मचारियो के द्वारा उसमें कुछ मानक लागत व अन्य सामग्री भी लिखी गई थी। लेकिन सारे नियम कानूनों को धता बताते हुये डेरी मिल मालिक को जमीन दे दी गई। वहीं कुछ ग्रामीण व आस पास के रहने वालों ने बताया कि इस फैक्ट्री से निकलने वाले कैमिकल युक्त पानी से अन्य जो पौधे लगे हुये हैं उनको भारी नुकसान का खामियाजा उठाना पड़ सकता है और वृक्ष सूख भी सकते हैं।

इस बाबत संजीव कुमार तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी का कहना है कि गोला लखीमपुर हाइवे के किनारे जो दूध की डेरी लग रही है उसका परमीशन हमने नहीं दिया है यदि वह वन विभाग की जमीन पर दूध फैक्ट्री लगी है तो कार्यवाही की जायेगी।

टेस्ट ड्राइव लेने के बहाने 1.94 लाख की बाइक लेकर फरार, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता। लखीमपुर

शहर में टेस्ट ड्राइव के बहाने एक व्यक्ति येज्दी शोरूम से बाइक लेकर फरार हो गया। शोरूम संचालक की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है बाइक की कीमत 1.94 लाख रुपए है। जानकारी मुताबिक, एक व्यक्ति शोरूम पर बाइक खरीदने पहुंचा था। उसने काले रंग की रोडस्टर बाइक की टेस्ट ड्राइव मांगी। हालांकि, वह व्यक्ति बाइक लेकर निकला और फिर वापस नहीं लौटा। काफी देर इंतजार के बाद शोरूम संचालक को धोखाधड़ी का संदेह हुआ। उन्होंने तुरंत सदर कोतवाली को सूचना दी। पुलिस ने संचालक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है और फरार युवक की तलाश में टीमें गठित कर दी हैं।

राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी ने की जनसुनवाई, दिए निस्तारण के निर्देश

पायनियर संवाददाता। लखीमपुर,खीरी

गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की जनसुनवाई की। उन्होंने उपस्थित पीड़ित महिलाओं की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 39 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमें घरेलू हिंसा जमीनी विवाद, छेड़छाड़ के प्रकरण शामिल हैं। मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये कि प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण जल्द से जल्द करके कार्यवाही की जाए। सुजीता कुमारी ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत शासन प्रशासन नारी सम्मान तथा सशक्तीकरण के लिये प्रतिबद्ध है। आयोग का उद्देश्य है कि हर महिला को त्वरित न्याय मिल सके। जनसुनवाई कार्यक्रम में थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद रावत, सीडीपीओ कीर्ति सचान, असिस्टेंट प्रोफेसर महिला अस्पताल डॉ श्रीमती तनीषा गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, बीईओ बृजराज सिंह उपस्थित रहे।

सदस्य राज्य महिला आयोग ने ब्लॉक फूलबेहड़ में आयोजित नारी चौपाल में सहभागिता की गई, जहां ब्लॉक द्वारा संचालित आवास योजना, सीएम कन्या सुमंगला योजना, सीएम बाल सेवा योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना' वन स्टॉप सेंटर 1098 के बारे में जानकारी दी गई।

देव दीपावली पर 21 हजार दीपों से जगमगाया घाट

पायनियर संवाददाता। अंबेडकर नगर

कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली के पावन अवसर पर श्रवण क्षेत्र धाम में भव्य श्रवण क्षेत्र धाम महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। देव दीपावली के अवसर पर सम्पूर्ण श्रवण धाम क्षेत्र 21,000 से अधिक दीपों की रौशनी से आलोकित होकर दिव्यता और आस्था का अद्भुत संगम बन गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे माननीय सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे एवं विधायक कटेहरी श्री धर्मराज निषाद ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। दीप प्रज्ज्वलन से पूर्व सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने श्रवण क्षेत्र धाम में विधिवत पूजा-अर्चना की और भगवान की आराधना के साथ देव दीपावली का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) अनिल कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता रमाशंकर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दीप प्रज्वलन में स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट्स तथा स्थानीय जनसामान्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे संपूर्ण श्रवण क्षेत्र दिव्य प्रकाश से नहाया हुआ प्रतीत हुआ। भक्ति और उत्सव के इस वातावरण में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर श्रवण धाम की पवित्र भूमि को आलोकित किया।

महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, लोककला और परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी भी की गई।

कार्यक्रम के सफल संचालन में श्रवण क्षेत्र धाम महोत्सव न्यास के अध्यक्ष एवं संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. अनुपम पांडे का विशेष योगदान रहा। भव्य दीपोत्सव के इस आयोजन ने न केवल श्रवण क्षेत्र धाम की धार्मिक गरिमा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया, बल्कि जिले के सांस्कृतिक जीवन में भी एक नई ऊर्जा का संचार किया।

सीएम डैशबोर्ड का मंडलायुक्त ने लिया जायज़ा

संबंधित विकास कार्यों एवं 50 लाख से अधिक मूल्य के निर्माण कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता। अंबेडकरनगर

मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यों एवं 50 लाख से अधिक लागत मूल्य के निर्माण कार्यों (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडल आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित विभिन्न विभागों के विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में उन्होंने अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्रॉप मोर क्राफ्ट माइक्रोइरिगेशन, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, आदि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विभागवार प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में उद्यान विभाग के अंतर्गत संचालित एकीकृत बागवानी मिशन योजना की समीक्षा के दौरान जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि एकीकृत बागवानी मिशन के अंतर्गत जनपद में पहली बार ड्रैगन फूड एवं स्ट्रॉबेरी की खेती कृषकों द्वारा प्रारंभ की गई है इसी के साथ ही पाली हाउस का भी निर्माण किया गया है जिसमें सरकार द्वारा 50% कृषकों को सब्सिडी प्रदान की जाती है।

मंडलायुक्त ने कहा कि पॉलीहाउस के अंतर्गत खेती से अच्छा फायदा प्राप्त होता है। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को पॉलीहाउस कृषकों को अच्छे गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने के साथ-साथ बेहतर प्रशिक्षण दिलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पॉलीहाउस में खेती में पेस्टिसाइड एवं अन्य उर्वरकों का प्रयोग फसलों के देखभाल के बारे में कृषकों को प्रशिक्षित टीम द्वारा बेहतर जानकारी प्रदान की जाए।

उन्होंने पॉलीहाउस से संबंधित कृषकों की अन्य जनपदों में संचालित अच्छे पाली हाउसों का भ्रमण कराए जाने के निर्देश दिए।

श्रद्धापूर्वक मना गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

पायनियर संवाददाता। बरेली

